संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-145 गुरूवार, 28 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे वरुण गांधी,मां के लिए करेंगे प्रचार-प्रसार



**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ेंगे वरूण गांधी। वरूण गांधी की टीम ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार वरूण गांधी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। वरूण अपनी मां मेनका गांधी के लिए प्रचार प्रसार करेंगे।वहीं उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस बार वरूण गांधी को पार्टी ने चुनाव लडऩे का अवसर नहीं दिया है। लेकिन वे भाजपा के साथ ही रहेंगे। पार्टी नेतृत्व ने वरूण गांधी के लिए कुछ बेहतर ही सोचा होगा।

### सदानंद वसंत होंगे एनआईए के महानिदेशक



**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** आईपीएस अधिकारी सदानंद वसंत को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह दिनकर गुप्ता का स्थान लेंगे। दिनकर गुप्ता 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इसी प्रकार आईपीएस पीयूष आनंद को नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) का डीजी बनाया गया है। इन नियुक्तियों संबंधी आदेश केंद्र सरकार ने आज जारी किए।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर चुनाव आयोग सख्त

## कंगना-ममता के खिलाफ टिप्पणी में सुप्रिया श्रीनेत और दिलीप घोष को नोटिस




**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा सांसद दिलीप घोष को भारत निर्वाचन आयोग ने नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को दिलीप घोष को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक और सुप्रिया श्रीनेत को भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### कंगना को मिला लोकसभा का टिकट

कंगना रनौत को भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। कंगना रनौत के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कथित सोशल मीडिया हैडल पर एक पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने कंगना को लेकर आपत्तिजनक बात कही थी।

### क्या है कंगना रनौत और सुप्रिया श्रीनेत का विवाद ?

कंगना के विरुद्ध पोस्ट को लेकर हिमाचल प्रदेश भाजपा ने भी चुनाव आयोग से शिकायत की थी। कंगना को लेकर दरअसल पूरा विवाद तब खड़ा हुआ, जब मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना को लेकर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से अभिनेत्री की तस्वीर के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट की गई। इसमें लिखा था, क्या भाव चल रहा है मंडी में कोई बताएगा? लेकिन विवाद बढ़ते ही सुप्रिया श्रीनेत ने पोस्ट को हटा दिया और सफाई दी कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। बल्कि उनके मेटा (इंस्टाग्राम व फेसबुक) अकाउंट का संचालन करने वाले किसी दूसरे व्यक्ति से यह गड़बड़ी हुई है। वह किसी महिला को लेकर ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट के बारे में सोच भी नहीं सकतीं।

### सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना को दिया ये जवाब

उन्होंने कहा कि वह उस पैरोडी अकाउंट के विरुद्ध कार्रवाई करेंगी जो उनके नाम का इस्तेमाल कर रहा है। सुप्रिया की पोस्ट के जवाब में कंगना ने कहा, एक कलाकार के रूप में अपने करियर के पिछले 20 वर्षों में मैंने हर तरह की महिलाओं का किरदार निभाया है। हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधन से मुक्त करना चाहिए। हमें उनके शरीर के अंगों के बारे में जिज्ञासा से ऊपर उठना चाहिए। हर महिला गरिमा और सम्मान की हकदार है।

हालांकि बाद में सुप्रिया ने पोस्ट को डिलेट कर दिया था।

### चुनाव आयोग से की थी शिकायत

हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और मंडी पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत व एचएस अहीर की आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर विवाद चल रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से उनकी आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले में चुनाव आयोग से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही इसे महिला सम्मान और गरिमा के विरुद्ध बताया था।

### चुनाव आयोग ने क्या कहा ?

चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि उनकी टिप्पणियां अशोभनीय और खराब थीं। चुनाव पैनल ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन थीं। दोनों को 29 मार्च शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

# ईडी ने की देशभर में ताबड़तोड़ छापेमारी

- » 5 शहरों से 2.54 करोड़ जब्त;
- » वॉशिंग मशीन में मिले नोटों के बंडल
- » 47 बैंक खाते फीज, फर्जी लेनदेन, सिंगापुर की कंपनियों को भेजे 1800 करोड़

**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशभर के पांच शहरों में छापेमारी की है, जिसमें 2.54 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। दिलचस्प बात यह है कि एक जगह की गई छापेमारी में यह खुलासा हुआ है कि वॉशिंग मशीन में नोटों के बंडल छिपाए गए थे। जानकारी के मुताबिक ईडी ने दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कुरूक्षेत्र और कोलकाता में छापेमारी की है।




ईडी ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन के मामले में मकर शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय शुक्ला और संजय गोस्वामी के परिसरों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में 2.54 करोड़ की नकद रकम जब्त की गई है। कुछ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए हैं। साथ ही 47 संबंधित बैंक खाते भी फीज कर दिये गये हैं।

### सिंगापुर की कंपनियों को भेजे गए 1800 करोड़

कंपनी के निदेशकों और साझेदारों संदीप गर्ग, विनोद केडिया के कुछ ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। इनमें लक्ष्मीटन मैरीटाइम, हिंदुस्तान इंटरनेशनल, राजनंदिनी मेटल्स लिमिटेड, स्टीवर्ट अलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। लिमिटेड, भाग्यनगर लिमिटेड, विनायक स्टील्स लिमिटेड, वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। ईडी ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि इन जगहों पर छापेमारी कब की गई। ये कंपनियां सिंगापुर की गैलेक्सी शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स और होराइजन शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स की मदद से फेमा अधिनियम का उल्लंघन कर भारत से विदेशी मुद्रा भेजने में शामिल हैं। साथ ही इन कंपनियों का प्रबंधन एंथोनी डी सिल्वा की ओर से किया जाता है।

दावा किया जा रहा है कि शेल कंपनियों की मदद से सिंगापुर की कंपनियों में 1800 करोड़ रुपये भेजे गए। इस बीच मेसर्स नेहा मेटल्स, मेसर्स अमित स्टील ट्रेडर्स, मेसर्स ट्रिपल एम मेटल एंड अलॉयज, मेसर्स एचएमएस मेटल्स आदि फर्जी कंपनियों की मदद से सिंगापुर की कंपनी में पैसे भेजने के लिए फर्जी लेनदेन दिखाया गया।

### दिल्ली में आप नेता दीपक सिंघला के घर पर छापेमारी

दिल्ली में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी चल रही है। ईडी ने आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दीपक सिंघला के घर रेड डाली है। सिंघला विश्वास नगर से आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सिंघला दूसरे आप नेता हैं जिनके घर पर छापेमारी हुई है। दिल्ली में सिंघला स्वीट के नाम से मशहूर मिठाई की दुकानें हैं। वह एमसीडी के आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी होने के साथ महाराष्ट्र और गोवा में पार्टी के प्रभारी भी हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सिंघला पर ईडी ने छापेमारी किस मामले में की है। गोवा से कनेक्शन होने की वजह से माना जा रहा है कि छापेमारी कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले की वजह से हो सकती है।



### आप कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन का कवरेज कर रहे पत्रकारों से दिल्ली पुलिस ने की हाथापाई

**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के कवरेज के दौरान दिल्ली पुलिस ने पत्रकारों से बदतमीजी और हाथापाई की। कार्यकर्ता दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि इस दौरान दिल्ली पुलिस ने वहां मौजूद पत्रकारों से हाथापाई की।

एक ख़बर के मुताबिक़ दिल्ली पुलिस के साथ हुई हाथापाई में फ़ोटोजर्नलिस्ट सलमान अली की कुहनी टूट गई है। उन्होंने कहा, वहां पुलिस बल की भारी तैनाती थी और वो मीडियाकर्मियों के साथ बदसलूकी कर रहे थे। एक पुलिसकर्मी ने हमारे साथी फोटोजर्नलिस्ट की कॉलर तक पकड़ ली.

अरुण ठाकुर का गला पकड़े हुए दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी की तस्वीर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीरों में पुलिस को और कई पत्रकारों को भी जबरदस्ती रोकने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान पत्रकारों और पुलिस के बीच बहस भी हुई. पुलिस कथित तौर पर पत्रकारों को हिरासत में लेने की धमकी दे रही थी।

#### प्रेस क्लब ने की निंदा

अलग-अलग मीडिया संस्थानों के फोटोजर्नलिस्ट के साथ हुई घटना को देखते हुए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने बयान जारी कर दिल्ली पुलिस के हमले की निंदा की है।

प्रेस क्लब ने अपने बयान में लिखा है, हम इस मामले की किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं। जांच जारी रहने तक हमलावर पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए।

### दिल्ली विधानसभा में आप के विधायकों ने 'मैं भी केजरीवाल'की टीशर्ट पहनकर मार्च किया

**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** दिल्ली के मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही आप के कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजधानी में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं । वहीं दिल्ली विधानसभा में आप के विधायकों ने मैं भी केजरीवाल' की टीशर्ट पहनकर मार्च किया।

### भाजपा के सैकड़ों बड़बोले एवं विवादित बयान देने वाले सांसदों का कटा टिकट



**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** भाजपा की जारी छठी सूची में तीन और सांसदों का टिकट काट दिया गया। पार्टी ने अब तक दस मंत्रियों समेत 103 सांसदों को फिर मौका नहीं दिया। 2019 के चुनाव में पार्टी ने 119 सांसदों का टिकट काटा था। भाजपा ने इस बार न सिर्फ अलोकप्रिय बल्कि बड़बोले व बयानों से विवाद खड़ा करने वाले सांसदों से भी पीछा छुड़ाया है।

इनमें गोडसे को महान बताने वाली भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा, समुदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी करने वाले प्रवेश वर्मा, संसद में अल्पसंख्यक समुदाय के सांसद के खिलाफ टिप्पणी करने वाले रमेश बिधूड़ी और पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधने वाले वरुण गांधी जैसे नेता शामिल हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में सबसे अधिक सांसदों पर गाज गिरी है।

बीते चुनाव में यहां क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा ने 26 में से 14 सीटों पर नए चेहरे उतारे हैं। दिल्ली में सात में से छह सांसद तो उत्तर प्रदेश में पांचवीं सूची में नौ सांसद टिकट पाने में नाकाम रहे। ओडिशा से चार और बिहार, कर्नाटक व झारखंड से तीन-तीन सांसदों का पत्ता कट चुका है। जब 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हुई थी, तब एकबारगी ऐसा लगा था कि पार्टी निवर्तमान सांसदों के लिए दिल बड़ा करेगी। पहली सूची से 33 सांसदों का टिकट कटा था। तब यूपी के सभी 41 सांसद टिकट हासिल करने में कामयाब रहे थे।

## अदालत जमानत के लिए ये शर्त नहीं लगा सकती

**नई दिल्ली,27 मार्च 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की शर्तों को लेकर अहम आदेश पारित किया है। देश की शीर्ष अदालत ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के आदेश को पलटते हुए कहा, जमानत की शर्तों में राजनीतिक गतिविधि पर रोक लगाने को नहीं गिना जा सकता। कोर्ट ने साफ किया कि ऐसे आधार पर जमानत देने से इनकार करने से शख्स के मौलिक अधिकारों का हनन होता है। सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों और जमानत की शर्तों पर बड़ा आदेश दिया है। जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि निचली अदालतों में जमानत देने की शर्तों में 'राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होने' को नहीं गिना जा सकता।





अदालत ने साफ किया कि किसी शख्स पर ऐसी रोक लगाए जाने से उसके मौलिक अधिकारों का हनन होता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर पारित किया।

## लोकसभा चुनाव के लिए शिवसेना उद्धव गुट ने भी 16 उम्मीद्वारों के नामों का किया ऐलान

**मुंबई ,27 मार्च 2024(ए)।** शिवसेना उद्धव गुट ने आज लोकसभा चुनाव के लिए 16 नामों का ऐलान किया है। सूची के मुताबिक मुंबई दक्षिण मध्य से अनिल देसाई को कैंडिडेट बनाया गया है। कांग्रेस की पसंदीदा सांगली सीट से भी उद्धव की शिवसेना ने अपना उम्मीदवार उतार दिया। शिवसेना ने सांगली से चंद्रहार पाटिल को टिकट दिया है।



किसे कहां से मिला टिकट?

1) बुलढाणा- नरेंद्र खेडेकर
2) यवतमाल-वाशिम - संजय देशमुख
3) मावल - संजोग वाघेरे पाटिल
4)सांगली - चंद्रहार पाटिल
5) हिंगोली - नागेश पाटिल अष्टिकर
6) संभाजीनगर - चंद्रकांत खैरे
7) धाराशिव - ओमराज निंबालकर
8) शिरडी - भाऊसाहेब वाघचौरे
9) नासिक - राजाभाऊ वाजे
10) रायगढ़ - अनंत गीत
11) सिंधुदुर्ग - रत्नागिरी - विनायक राउत
12) ठाणे - राजन विचारे
13) मुंबई उत्तर पूर्व - संजय दीना पाटिल
14) मुंबई दक्षिण - अरविन्द सावंत
15) मुंबई उत्तर पश्चिम - अमोल कीर्तिकर16) परभणी -संजय जाधव

## एनआईए ने कर्नाटक में कई ठिकानों पर की छापेमारी

**बेंगलुरू ,27 मार्च 2024(ए)।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने बुधवार को बेंगलुरु और शिवमोगा जिले में छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने बेंगलुरु के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली शहर में भी छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर की गई, जिसका हमलावर से सीधा संपर्क था। आरोप है कि उसी ने ही हमलावर को इस वारदात को अंजाम देने के लिए आर्थिक मदद भी मुहैया कराई थी। हालांकि, एनआईए की कार्रवाई के संदर्भ में और जानकारी का इंतजार है।




एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो संदिग्ध लोगों का हमलावर से सीधा संपर्क था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने इस छापेमारी को एक संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर अंजाम दिया है। हालांकि, एनआईए की छापेमारी जारी है, लेकिन अभी तक हमलावर के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है।

## संपादकीय

### हसीन सपने भर नहीं

आंध्र प्रदेश और नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंधित दो अहम खबरें हैं। रविवार को अमरावती की जनसभा में वे शिक्षा-स्वास्थ्य के अनेक उन्नत केंद्रों से राज्य को एक जीवंत हब बनाने का ऐलान करते हैं।इनमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे अनेक संस्थानिक उपहारों का पिटारा खोलते हैं-इस अंदाज में कि ये लीजिए,वो भी लीजिए। और बोलिए कि और आपको क्या चाहिए।' ऐसा दो ही स्थितियों में होता है-जब आप किसी को बेहद मूल्यवान और वजनदार मानकर उसको साधने में बिछ से जाते हैं या फिर किसी को अपने अस्तित्व का बेहद सगा मानते हैं। उसके स्वागत-सत्कार में कसर नहीं छोडऩा चाहते। वैसे चुनावी मौसम में यह दल-निरपेक्ष आम रवायत है।पर भाजपा और नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में खास है। मंच पर इसके साक्ष्य थे-तेलुगू देशम के चंद्रबाबू नायडू और जनसेना के नेता। एनडीए के संयोजक रहे नायडू की सालों बाद एनडीए में वापसी हुई है। हालांकि नायडू भ्रष्टाचार के मामले, जिसके खिलाफ पीएम का अभियान है, में अभी पिछले महीने जेल से जमानत पर हैं। इस विडम्बना के बावजूद भाजपा और प्रधानमंत्री का भरोसा है कि वे इनके सहारे आंध्र प्रदेश की लोक सभा सीटों से 400 पार' जाने का पुख्ता इंतजाम कर लेंगे।विधानसभा में भी कुछ सीटें लाकर गठबंधन सरकार का हिस्सा बन सकते हैं। पिटारा खोलने की यह पहली स्थिति है। यहां कर्नाटक की 25 सीटों की बड़ी भरपाई करनी है,जो कांग्रेस के कब्जे में है-तेलंगाना भी। केरल में भाजपा के नामलेवा तो एकाध हो गए हैं, पर वे सीटें लाने वाले अभी भी नहीं हैं। तमिलनाडु में भाजपा का अन्नाद्रमुक से अलगाव हो चुका है। इसलिए आंध्र और चंद्रबाबू भाजपा के लिए अभी एवं आगे के लिए अपरिहार्य हैं। योजनाओं की झड़ी की यह दूसरी बाध्यता है।इस तस्वीर से बिल्कुल उलट है-तीसरी बार सत्ता में वापसी की प्रधानमंत्री की आस्ति। इसी आधार पर वे सत्ता में आने के 100 दिन बाद के कार्यक्रम बनाने का निर्देश अपनी कैबिनेट को दिया हुआ है। इसके आगे, वे आजादी की सदी 2047 तक देश के सर्वांगीण विकास का एजेंडा तैयार किए हुए हैं, जो सर्वे पर आधारित है। विपक्ष इस पर हंस सकता है और इसे मतदाताओं को बरगलाने का एक हथकंडा करार दे सकता है।

# राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है।

श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है।

चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं।

राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपुर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।



झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्टीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है

दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है।

उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं।

भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहेड़िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवाड़ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है

अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनगढ़ सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर इसके बावजूद उनको प्रत्याशी बनाया गया है। भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है।

राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है। वहीं लोकसभा चुनाव में भी सभी वसुंधरा समर्थकों के टिकट काटकर नए लोगों को प्रत्याशी बनाना इस बात का संकेत है कि राजस्थान की राजनीति में अब वसुंधरा राजे का प्रभाव समाप्त हो रहा है और नई पीढ़ी के नेता आगे आ रहे हैं ।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जीवन में लक्ष्य प्राप्ति और सफलता के लिए सटिक योजना और रणनीति आवश्यक


## संकल्प संयम और अनवरत श्रम सफलता के सूत्र

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है। अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले। अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं। ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं। लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें। लक्ष्य हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें। सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी,ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए। उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है। किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत। यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लबरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए।लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है , क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है। लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए।

अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है । अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए,जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा।, इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें। अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा । सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिए। जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगा। कई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्मविश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी, ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी,मानसिक शिथिलता,सामाजिक,पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती है। इन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं।, बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है। यही समय है जब आपको अपने आप को संतुलित कर आगे की ओर ले जाना है, और सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आप नकारात्मक यानी कि नेगेटिव वातावरण एवं इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्तियों से दूर रहकर मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा भरकर आत्मविश्वास से लबालब होना है। इस तरह आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर पूरी ऊर्जा और सामर्थ्य के साथ प्राप्त करने के लिए अग्रसर होंगे। लक्ष्य प्राप्ति के साधनों तथा उससे जुड़े हुए समर्थ व्यक्तियों की तलाश में भी आपको सतत रहना होगा यदि आप प्रतियोगिता परीक्षा और उसकी सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो ऐसे व्यक्तियों को सदैव बुद्धिमान एवं मेहनती अध्येता के साथ विचार विमर्श करना चाहिए एवं लाइब्रेरी या पुस्तक विक्रेताओं से सर्वश्रेष्ठ ज्ञानार्जन के लिए किताबों का संग्रह किया जाना चाहिए या किसी का अन्य लक्ष्य हो तो सदैव उसे समय की उपयोगिता तथा उसकी सार्थकता पर जरूर ध्यान केंद्रित कर सफल व्यक्तियों का अनुसरण किया जाना चाहिए। तभी सफलता उनके कदम चूमेगी और सफलता का एक ही सूत्र एवं रहस्य है कि अपने मस्तिष्क की प्रबलता बनाए रखें जाने के साथ कड़ी मेहनत भी करें, तब जाकर सफलता व्यक्ति के कदम चूमती है।



**संजीव कुमार ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी, रायपुर,
छत्तीसगढ़,

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# अलग पहचान बनाने के लिये सम्मान मिलना चाहिए-समान हक

सही तो है हम तन से अलग हममें भी भाव और जज़्बात आम इंसानों की तरह ही समाए हैं । हमें भी बहुत दुःख होता यदि कोई हमारा तिरस्कार करता तो , हमें खुशी होती दूसरों की खुशी में भी शामिल होकर , दुआओं से दूसरों को नवाज़ कर । चाहे आम इंसान हमारे बारे में सुद्बबुद ले या ना ले परंतु हम हमेशा आम इंसानों के बारे में जानकारी रखते हैं । ये हमारी लालच नहीं , बल्कि कुछ कार्य ऐसे होते हैं जहॉं हमारे बिना शुभ कार्य अधूरा सा रहता । परंतु आम इंसान हमें विभिन्न नामों से बुलाकर हमारा तिरस्कार भी करती और हमें लालची कह एक अपमान का तमगा भी पहना देती सभी नहीं परंतु पचास प्रतिशत आम इंसानी दुनिया हमें दूर से ही देख लगता जैसे वो रुख ही मोड़ लेती है ।

ये व्यथा आज जिनकी लिख जिससे अवगत करा रही हूं । ये हमारी तरह आम इंसानों की श्रेणी में चाहे नहीं आते बल्कि ये विशेष उच्च श्रेणी में समाते हैं । क्यों कि पुराणों अनुसार कहा जाता है की साक्षात श्री राम जी के वनवास गमन पर यही श्रेणी पूरे चौदह बरस तक उसी स्थान पर उनके लौटने का इंतजार करती रही थी । क्योंकि श्री राम जी ने नर-नारी को लौट जाने का संदेश दिया और वो वनवास हेतु चले गये परंतु तीसरा समुदाय ने ही नर और न ही नार वहीं खड़े रह किसी निर्णय पर नहीं पहुंच सके क्यों कि न तो वो नर हैं और न ही नार । इसलिए सभी ने वहीं चौदह बरस रहा श्री राम जी के आने और पुनः उनके आदेश का इंतजार किया । जब श्री राम जी अयोध्या लौटे तो उन्होंने उनके द्वारा वहीं खड़े रह इंतजार करने के फैसले से खुश हो उन्हें वरदान दिया की उनके द्वारा दी गई हर एक दुआ हर किसी के लिये फलीभूत होंगी ।

ये तो हो गयी प्राचीन पुराणों अनुसार बातें । परंतु आज के समय में आम इंसानों द्वारा इन्हें स्वयं कमाने कि सलाह देते फिरते लोग और इनके द्वारा खुशी के मौके पर मांगी गई खर्ची को भी ग़लत शब्द या भाव के साथ देते सरल शब्दों में इसे अपमान भी कह सकती हूँ । धीरे-धीरे आज बहुत से तीसरे समुदाय के सदस्यों ने इस अपमान के घूंट को पीने से बेहतर कुछ कर गुजरने की ठानी और उन सभी अधिकार को पाने की कोशिश की जो आम नागरिकों को प्राप्त है । अर्थात शिक्षा ग्रहण में समानति , सरकारी नौकरी , समतुल्य सम्मान इत्यादि । हाल ही मे एक साहित्यिक समारोह के अंतर्गत जब मैंने मुख्य अतिथि के रूप में जब तीसरे समुदाय की सदस्य को देखा तो बहुत ही आश्चर्य भी हुआ और खुशी भी । साथ ही जब उनके ही मुख से उनके जीवन के अब तक गुजरे कड़वे अनुभवों को सुना तो जैसे कलेजा ही निकलकर जैसे बाहर आ गया । आंसूओं की धारा आंखों में दबाए सबसे छुपा रही थी जानते हैं वो वो थी मैं उन्हें ममता , स्नेह व सम्मान में दीदी का संबोधन दे बुलाती हूँ । वो थी हमारे भारत देश के महाराष्ट्र के विदर्भ प्रांत की तीसरे समुदाय की पहली वकील जिनका नाम है शिवानी सुरकार जो की महाराष्ट्र के ही वर्धा में जन्मी वहां पली-बढ़ी । जिन्होंने अपने समुदाय में रहकर वो कर दिखाया जो ख्वाब हर कोई सजाता पर आने वाली राह में चुनौतियों से डर जाता और इस डर से अपने लिये निर्णय से दो कदम पीछे ही हो जाता है परंतु शिवानी सुरकार न पीछे हटी कितनी अधिक विपरीत परिस्थितियों का सामना करके के बाद , अपने ही घर में मॉं-बाप के साए में रह कर भी अपने ही भाई द्वारा शारीरिक प्रताड़ना सही फिर भी वो हिम्मत नहीं हारी दिल ने ठान लिया था वो पढ़ेगी और जब कोई इंसान ठान लेता है तो विपरीत परिस्थितियां भी उसके कदम नहीं रोक पाते यही हुआ शिवानी जी के साथ लक्ष्य पर एकाग्र कर बढ़ती रही आगे और आज वो विदर्भ की पहली वकील कहलाती है गर्व है मुझे उन पर और सीख मिलती की विपरीत परिस्थितियों का हवाला देना तो सिर्फ ओर सिर्फ एक बहाना मात्र है । जब मैं दीदी से नागपुर के कार्यक्रम के दौरान मिली तो उनकी तब तक की आत्मकथा सुन बहुत आश्चर्य हो रहा था बस यही सोच रही थी की इतनी जटिल समस्याओं से भी जूंभ चेहरे पर इतनी बेहतरीन मुस्कुराहट उनके सौंदर्य का ओर अधिक श्रृंगार कर रही थी यह भी सोच दिल में मेरे आई की अगर मैं होती शिवांगी दीदी के स्थान पर तो हो सकता था.....

ठीक इसी तरह सम्मानित समुदाय की एक नृत्यांगना जिन्हें में व्यक्तिगत तो नहीं मिली परंतु फिर भी उन्होंने जैसे मुझे वशीभूत कर अपने वश में कर लिया हो । इस समय इंस्टाग्राम के जरिए जिन की मैं दीवानी हुई उन्हें देख , उनके नृत्य कौशल को देख अरे-अरे शायद मैं ही नहीं अपितु सभी आज कल उनके रूप और नृत्य के दीवाने हैं मैं बात कर रही हूँ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के पेज़ जिसका नाम है khushivwv जिसमें खुशी जी की हर एक मुद्राएं मोहित कर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर रही हैं । अपनी शारीरिक कमी अर्थात तीसरे समुदाय की होने के बावजूद उन्होंने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है । आज के समय में इंस्टाग्राम के माध्यम से मैंने देखा की खुशी जी को हर बड़े से बड़े समारोह जैसे हल्दी रस्म , मेहंदी रस्म , किटी पार्टी , या अन्य समारोह में भी बुलाया जा रहा जिसके चलते वो अपनी पहचान बना पाई हैं । उनका श्रृंगार भी सभी को वशीभूत करता जो उनके सौंदर्य में चार-चांद लगा देता है । ऐसे लोगों को भी हमारी देश की सरकार को सम्मानित कर उनका मान और हिम्मत बढ़ानी चाहिए ताकी ये विशेष समुदाय ये यकीन कर सकें की उनका भी कोई अपना है । उनको भी जीने का हक है वो आम इंसान से भिन्न नहीं उनके लिये भी वो सभी नियम हैं जो आम इंसान के लिये । कलाकार कोई भी हो सकता है कला भेदभाव नहीं करती है । कला कलाकार के प्रति समर्पित व्यक्ति का सम्मान करती और कलाकार अपनी कला का सम्मान करता । इसलिए किसी भी कलाकार को मखौल उसके शरीर को लेकर नहीं बनाना चाहिए । बल की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उसे प्रोत्साहित कर उन्हें हिम्मत देनी चाहिए ।

सोशल मीडिया पर ही एक ओर ऐसा ही चर्चित चेहरा है जो आम जनता के बीच रहकर विशेष होने पर भी दुत्कारी गई परंतु हार नहीं मानी नाम है उनका पूजा रेखा शर्मा जिसके पॉंव छूकर उससे आशीर्वाद ग्रहण करते हुए बहुत से लोगों को देखा है मैंने । क्या मॉल , सब्जी बाजार या कहीं भी वो पहुंच जाए लोग उसे उसके व्यक्तित्व व सरल स्वभाव के चलते पूजते । पूजा भी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं और ना ही अपनी शारीरिक कमी का उसे कोई भी ग़म है । जयपुर की भी ब्रेंड एंबेसडर रही है पूजा जी , जो कि उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाईल में लिखा है । लोकल ट्रेन में आम महिलाओं के बीच रह कर उन्हें आम महिलाओं से वही सम्मान मिलता जैसे दूसरी महिलाओं को मिलता । पूजा जी आज अपनी विभिन्न सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म से रीलो के माध्यम से एक विशिष्ट स्थान पा चुकी है । उनकी जिंदादिली देखते ही बनती है । गरीब बुजुर्गों को आशीर्वाद स्वरूप उनके द्वारा दिए सिक्के को हर कोई सीने से लगा कर रखता ना जाने कब किसकी दुआ लग जाए , फर्श पर पड़ा व्यक्ति ना जाने कब अर्श को पा जाए । घमंड ना करना मानव बस इतना याद रखना । ज़मीं पर रह जमीं को ही आसमां समझ पांव रखना ।

आज अंजान लोग भी पूजा के दर्शन मात्र के लिये तरसते और यदि दर्शन हो जाएं तो अपनी भावनाओं में बहे आंसूओं को रोक नहीं पाते । समझती है पूजा जी हर किसी की भावनाओं को सम्मान में सभी को सीने से लगा या स्वयं उनके सीने से लग अपना पन व ममता लुटाती । गरीबों की मसीहा , बच्चों से स्नेह रखने वाली पूजा ने बहुत अपमान भरे शब्दों के भी घूंट पीये है परंतु कभी भी हिम्मत नहीं हारी उसने हौसलों की उड़ान भरना सीखाते ये कटु शब्द और कुछ अलग सबसे करने की हिम्मत भी दिलवाते हैं कटु शब्द । नमन हैं मेरा शिवांगी सुरकार , खुशी जैसी बेहतरीन नृत्यांगना को जो आज लोगों को जिंदादिली से जीने की सीख दे रहे हैं ।

साथ ही पूजा जैसी नेक दिल जिगर वाली इंसान जो गरीबों के दर्द को अपना दर्द समझती हैं । अरे इतना सुन्दर श्री हरि ने हमें मानव जीवन दिया है तो उस श्री हरि के दिया शरीर रुपी प्रशाद को खुशी-खुशी ग्रहण करो । संभाल कर रखो इस बेशकीमती प्रशाद स्वरूप शरीर को श्री हरि की इच्छा मान इसका सम्मान करो । बहुत से आम इंसा जब टूट कर इस मानव जीवन को अपने ही हाथों से खत्म कर लेते हैं तो श्री हरि भी आपसे नाराज़ हो जाते और वो भी उनके दिये गये प्रशाद रूपी मानव शरीर को या यूं कह लो आपकी पवित्र आत्मा को वापस ग्रहण नहीं करते हैं ।

एक साधारण से उदाहरण देती हूँ , मान लिजिए आपने अपनी कार या कोई अन्य सामान किसी को प्रयोग मात्र के लिये कुछ समय के लिये दिया है और जिसको दिया उसकी गलती से सामान टूट गया या थोड़ा खराब हो गया तो आप भी नाराज़ ही होंगे ना ? क्या आप फिर से जिसे अपना सामान दिया था इस्तेमाल करने को उस पर पुनः विश्वास कर पाएंगे ? चाहे जिसने आपका सामान लिया वो बनवाकर ही क्यों ना दे दे । फिर भी आप उसे अगली बार इस्तेमाल करने को नहीं देंगे या देंगे तो संकोच से भरे रहेंगे इसे हम मजबूरी नाम भी दे सकते हैं । तो आप सोचिए श्री हरि ने भी तो आपको ये आम मानव जीवन दिया कुछ सोच समझकर उन्हें विश्वास था की आप इस मानव जीवन का सद् उपयोग करेंगे परंतु सभी नहीं कुछ ऐसे लोग हैं जो श्री हरि के प्रशाद को आत्महत्या कर नुकसान पहुंचा देते फिर तो श्री हरि का नाराज़ होना लाजिमी ही बनता है और वो आपकी पवित्र आत्मा को भी ग्रहण नहीं कर पाते । और आत्मा नामक पुण्य चीज़ इस धरा पर मोक्ष हेतु भटकती रहती बस । अगर कभी कोई समस्या आती और आप टूटने लगते हैं तो जिस श्री हरि ने जीवन दिया उसी के चरणों में कुछ वक्त गुजार एकांत , एकाग्रता से ध्यान लगा अपनी ग़लती समझे कोई न कोई किसी न किसी रूप में समाधान जरूर मिल जाएगा । अगर उस श्री हरि ने हमें आज सुबह उठते ही , आज के दर्शन कराए तो उसने कुछ न कुछ सोचा होगा और वही हमारे खाने पीने का माध्यम भी बनेगा चाहे आपसे मेहनत करवाएं पर भूखा ना सुलाएगा । ठीक उसी तरह जब तक आप रोज एक नयी सुबह का दर्शन करें मतलब आपकी सांसें चल रही मतलब यही सोचे की आज भी मेरे इष्ट ने मुझे सांसें दी हैं तो वो ही जुगाड़ करवाएंगे । चिंता चिता के समान , मुस्कुराहट बनाए इंसान ।

आज हमारे बीच रहकर वो भी सभी तरह के कानूनी नियमों का समान एकाधिकार पाकर तीसरे समुदाय ने ये तो साबित कर दिया है की वो भी किसी से कम नहीं । शिक्षा पर उनका भी अधिकार है उन्हें भी जीने का अधिकार है । जिस तरह प्रभु ने आपको सॉंसें दी उनको भी दी उनमें भी भाव , जज़्बात हैं उन्हें भी खुशी होती दर्द भी । इसलिये सम्मान के हकदार इस समुदाय को सम्मान दो सभी । गुज़ारिश है ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर, महाराष्ट्र

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ऑनलाइन गेम

आजकल के बच्चों में चढ़ गया,
ऑनलाइन गेम का बुखार।
जहां कहीं भी देखो इसे खेलते,
नजर आ जाते बच्चे दो चार।।
अपने सुनहरे भविष्य के प्रति,
नहीं है कोई भी आज गंभीर।
सुबह शाम गली मोहल्ले में,
खेलने वालो की लग जाती भीड़।।
सपने जो देखे थे कल तक
वो सपना कहीं दूर जा रहा।
ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के
जाल में बचपन फंसता जा रहा।
ऑनलाइन गेमों की दुनिया ऐसे,
चाह कर भी इसे नहीं छोड़ सकते।
दिमाग में ये असर करते हैं ऐसे,
जिसे खेले बिना नहीं रह सकते।।
गेम खेलने में ये इतने रहते हैं चूर,
न उनको प्यास लगती है न भूख।
सपनों को कर रहे वो चकनाचूर,
बाद में होगा उनको दुःख ही दुःख।।
अगर मन में संकल्प कर ले तो,
इन गेमो के लत से बच जाओगे।
खाली समय का सदुपयोग करके,
इन गेमों से निकल जाओगे।।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कविता

जिंदा हैं तो किसी को,
कोई फिक्र नहीं !
मर गए तो,लोग आंसू बहाएंगे!
आज बेरोजगार हैं तो,
हाल चाल नहीं पूछेंगे!
जॉब लगने पर,लोग गुणगान गायेंगे!
कलियुग के जमाने में,लोग जरूरत
पड़ने पर आयेंगे!
आज बीमार हैं तो,कोई खबर नहीं !
मरने के बाद ,लोग माला चढ़ाएंगे !
कोई भूखा हैं तो,
उसको खाना नहीं खिलाएंगे!
मरने के बाद लोग
बारा और जलेबी खायेंगे!
कलियुग के जमाने में,
लोग जरूरत पड़ने पर आयेंगे!



**कृष्णा चौहान**
अमेरी तह.-
बरमकेला
-सारंगढ़-
बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन की मौत,10 फीट खाई में गिरी





**- संवाददाता -**
**उदयपुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

उदयपुर-सूरजपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम पलका टावर के पास सोमवार को होली की रात 8 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अनियंत्रित कार ने एक राहगीर को भी अपने चपेट में ले लिया और दस फीट गहरे खाई में जा गिरी। दुर्घटना में गंभीर रूप से 18 वर्षीय युवक व 16 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

25 मार्च की रात 8 बजे खोंदला की ओर से रवि किन्डो पिता मोहन 22 वर्ष निवासी शिवनगर, संदीप पिता नंदलाल 18 वर्ष निवासी शिवनगर और सचिन पिता संजय उम्र 16 वर्ष निवासी सलबा तीनों बाइक से उदयपुर की ओर आ रहे थे। उधर उदयपुर की ओर से कार क्रमांक सीजी 14 एमएल 5110 सूरजपुर की ओर जा रही थी। कार और बाइक भी भिड़ंत ग्राम पलका टावर के समीप हो गई। दुर्घटना में रवि किंडो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उधर अनियंत्रित दुर्घटनाग्रस्त कार मार्ग से गुजर रहे राहगीर विजय को टक्कर मारते हुए 10 फीट खाई में जा गिरी।

### रायपुर ले जाते समय रास्ते में दो की मौत

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सचिन, संदीप व विजय को स्थानीय पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने तीनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां संदीप व सचिन की स्थिति काफी गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई।

### सीएचसी उदयपुर में दिखी लापरवाही

रात में एक भी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी वार्ड बॉय नहीं होने से ड्यूटी पर उपस्थित नर्स को ही सारा काम करना पड़ा। होली का दिन होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है फिर भी एक भी मेल डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। एसडीएम बीआर खांडे के बुलाने के बाद बीएमओ डॉक्टर एआर जयंत अस्पताल पहुंचे। इस दौरान एसडीएम ने स्वयं स्ट्रेचर और सलाइन की बोतल को पकड़ कर घायलों को एंबुलेंस तक शिफ्ट करवाने में मदद किया।

### नही मिली 108 की सुविधा भड़के स्थानीय लोग

108 की सुविधा नहीं मिलने से घायलों को जिला भेजने में हो रही विलम्ब की से स्थानीय लोगों ने काफी आक्रोश जताया। लोगों को भड़कता देख बीएमओ द्वारा उदयपुर अस्पताल के एंबुलेंस से दो गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर,मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर स्थित धरमपुर हाई स्कूल के पास होली के दिन 25 मार्च को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में दोनों युवकों की मौत हो गई। मृतक दोनों युवक झारखंड व हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार विजय कुमार पिता सूनू राम उम्र 37 वर्ष हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था। प्रकाश राहुल उम्र 38 वर्ष झारखंड के बोकारो का रहने वाला था। दोनों खडग़ांवा चौकी क्षेत्र के धरमपुर में चेन्नई राधा इंजीनियरिंग वर्कशॉप में काम करते थे। 25 मार्च को दोनों बाइक क्रमांक जेएच 10 सीई 5843 से प्रतापपुर से धरपुर जा रहे थे। रास्ते में धरमपुर स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि अंबिकापुर से प्रतापपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रही कार क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 4141 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने के हिस्से व बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सहित दोनों लोग कार के सामने के हिस्से में फंस गए। दोनों को घसिटते हुए कार लगभग 50 मीटर दूर तक ले गई। मौके पर मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और किसी तरह से कार के सामने के हिस्से में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,दो घायल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

ग्राम रनई मेन रोड में 26 मार्च को कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों को इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां एक की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनोज ङ्क्षसह पिता शिवप्रताप ङ्क्षसह उम्र 18 वर्ष सूरजपुर जिले के नवगई का रहने वाला था। मनोज 26 मार्च को गांव के ही बुलेश्वर व धरम के साथ बाइक से पटना जा रहा था। रास्ते में ग्राम रनई मेन रोड के पास कार क्रमांक सीजी 15 एडी 6303 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां मनोज की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# होली मिलन समारोह में भजिया व भांग का सेवन करने से 200 से अधिक लोग हुए फूड प्वाइजनिंग के शिकार

**» होली से एक दिन पहले कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने गृहग्राम में आयोजित किया था होली मिलन समारोह**





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने होली से एक दिन पूर्व अपने गृहग्राम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। इसमें क्षेत्र के 75 से अधिक गांवों के लोग शामिल हुए थे। समारोह में भांग के अलावा भजिया-पकौड़ा भी परोसा गया था। भांग पीकर व भजिया खाकर करीब 200 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। सभी को उल्टी-दस्त होने पर क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बीमारों की संख्या इतनी अधिक है कि अस्पतालों में बेड भी कम पड़ गए। ऐसे में कैंप लगाकर उनका इलाज किया जा रहा है।

गौरतलब है कि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने गृहग्राम सनावल में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें सनावल, डिंडो, त्रिशुली, रामचंद्रपुर, बरवाडीह समेत क्षेत्र के 75 गांवों के 1000 से भी अधिक लोग शामिल हुए थे।

समारोह में सभी ने जमकर भांग का सेवन किया तथा भजिया-पकौड़े भी खाए। घर पहुंचने के बाद इनमें से कई लोगों की तबियत बिगडऩे लगी। होली के दिन सोमवार को कुछ लोग उल्टी-दस्त की शिकायत पर अस्पताल पहुंचे।

होली के दूसरे दिन यह आंकड़ा बढ़ता गया और बुधवार तक करीब 200 लोग बीमार पड़ गए। सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत है।

### मंत्री जी के होली मिलन समारोह में भांग पीकर 200 लोग बीमार, अस्पतालों के बेड फुलअस्पतालों में बेड पड़े कम

फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि क्षेत्र के सनावल, डिंडो, वाड्रफनगर व रामानुजगंज में उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। अस्पताल में बेड कम पडऩे पर कई पीड़ितों का जमीन में लिटाकर इलाज चल रहा है।

## चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी हुआ ब्लास्ट,युवती गंभीर





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

बहन के साथ किराए के मकान में रह रही एक युवती मंगलवार की रात इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी चार्ज कर रही थी। इसी दौरान तेज धमाके के साथ बैटरी फट गया और युवती गंभीर रूप से झुलस गई। उसे तत्काल सूरजपुर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे उपचार हेतु अंबिकापुर अस्पताल रेफर कर दिया। युवती नेटवर्क मार्केटिंग में फील्ड आफिसर के पद पर कार्यरत है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुरुवा आमापारा निवासी 23 वर्षीय पार्वती सिंह पिता स्व. हरि प्रसाद पिछले 8-9 महीने से सूरजपुर के चंद्रपुर में एक किराए के मकान में अपनी बड़ी बहन सावित्री सिंह के साथ रहती है। वह नेटवर्क मार्केटिंग में फील्ड ऑफिसर के पद पर काम करती है।

परिजन ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी (Electric scooty) की बैटरी को वाहन निकालकर कमरे में लाकर चार्ज कर रही थी। इसी दौरान अचानक चार्जिंग के दौरान बैटरी फट गई, जिससे युवती गंभीर रूप से झुलस गई।

बैटरी फटने से गंभीर रूप से झुलसी युवती को आनन-फानन में जिला अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## हत्या के आरोपी को थाना रामानुजनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

ग्राम दुर्गापुर रामानुजनगर निवासी भगमनिया ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25.03.2024 को होली के त्यौहार में पड़ोसी रिश्ते के काका जगलाल सिंह के बुलावे पर शाम को अपने पति मोतीलाल के साथ गई थी जहां जगलाल व उसके परिजन खा पी रहे थे। जहां से यह अपने घर आ गई कुछ समय बाद इसका लड़का पिताजी को बुलाकर लाता



हूँ कहकर जगलाल के घर गया जहां से दौडते हुए आया और बताया कि पिताजी को टांगा से कोई मार दिया है जिसके बाद सभी वहां पहुंचे। जगलाल की पत्नी बताई कि मामा-भांजा किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे और जगलाल घर से टंगिया/टांगा निकाल कर मोतीलाल को मारकर हत्या कर दिया। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 60/24 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार था।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस मामले की विवेचना करते हुए आरोपी की खोजबीन में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आरोपी जगलाल सिंह पिता स्व. अतिबल उम्र 58 वर्ष ग्राम दुर्गापुर, थाना रामानुजनगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते व अन्य सक्रिय रहे।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती,शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार,गर्भवती होने पर रखने से कर दिया इंकार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

युवक ने पहले युवती से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती की। फिर मोबाइल के माध्यम से दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार किया। इससे युवती गर्भवती हो गई। इसके बाद युवक शादी करने से इंकार कर दिया था। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एक वर्ष पूर्व एक युवती की दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से ग्राम बंधा थाना लखनपुर निवासी युकेश मुंडा से हुई थी। इंस्टाग्राम के दोस्ती होने के बाद दोनों के बीच मोबाइल के माध्यम से बातचीत शुरू हो गई और एक दूसरे से पसंद भी करने लगे। अक्टूबर 2023 में युवक उदारी मोड़ के पास युवती से मिला और कहा कि मैं प्यार करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं। युवती को झांसे में लेकर युवक ने उसी दिन कर्चाडांड़पारा स्कूल के पास उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद युवक ने उसके साथ कई बार बलात्कार करता रहा। इस बीच युवती गर्भवती हो गई। इसके बाद युवक युवती को अपने घर ले गया। यहां करीब दो सप्ताह तक रही। इस दौरान युवक अपने माता-पिता के कहने पर लडक़ी को उसके घर छोड़ दिया। इसके बाद युवती ने गर्भवती होने की



जानकारी युकेश को दी और उसे अपने घर ले जाने की बात कही तो युवक उसे रखने से मना कर दिया और अपना मोबाइल बंद कर दिया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट मार्च 2024 में लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ग्राम बंधा थाना लखनपुर निवासी 21 वर्षीय युकेश मुंडा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(2)(É) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार डिवाइडर से टकराई एक नाबालिक युवक की मौत,दूसरे की हालत गंभीर,जिला अस्पताल रेफर



**- संवाददाता -**
**लखनपुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर मुख्यमार्ग में 26 मार्च दिन मंगलवार की शाम लगभग 4:30 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार डिवाइडर से टकरा गए बाइक के पीछे बैठे 16 वर्षीय नाबालिक युवक सुशील पिता परमेश्वर ग्राम अंधला निवासी की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं 18 वर्षीय युवक विकास पिता स्वर्गीय भूषण अंधला निवासी की हालत गंभीर होने पर लखनपुर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही लखनपुर थाना प्रभारी मनोज प्रजापति आरक्षक दशरथ राजवाड़े सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची। लखनपुर पुलिस ने पेट्रोलिंग वहान में 16 वर्षी युवक सुशील के शव को उठाकर लखनपुर अस्पताल लाकर मरचुरी में रखवाया गया। बताया जा रहा है की बाइक सवार युवक काफी तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए डिवाइडर से टकराए । ठोकर इतनी जबरदस्ती की बाइक के सामने के पर परखरचे उड़ गय वहीं घटनास्थल पर ही एक नाबालिक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद से परिवारजनों सहित क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# 20 वर्षों से भाजपा से चुने गए सांसदों का रहा आधिपत्य, लेकिन विकास के कोई प्रयास नहीं : शशि सिंह

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने प्रेमनगर के पूर्व विधायक व मंत्री स्व. तुलेश्वर सिंह की पुत्री शशि सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद शशि सिंह ने बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार ने 10 वर्ष में चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। देश को आगे लेकर कांग्रेस पार्टी ही जा सकती है। सरगुजा लोकसभा सीट में 20 वर्षों से भाजपा से चुने गए सांसदों का आधिपत्य रहा, लेकिन इन्होंने लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं द्वारा जिस भरोसा के साथ उन्हें सरगुजा लोकसभा सीट से चुनाव लडऩे का मौका दिया है, उस पर सभी के सहयोग से वे खरा उतरेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी देश को एक सूत्र में पिरोने के जिस उद्देश्य को लेकर न्याय यात्रा निकाले थे, इसे ध्यान में रखते हुए वे किसानों, युवाओं, वंचितों एवं महिलाओं तक जाएंगी और वर्तमान केन्द्र सरकार की कारगुजारियों को सामने लाएंगी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी उत्साहित हैं, उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस बार सिर्फ सरगुजा लोकसभा सीट ही नहीं देशभर से कांग्रेस को बड़ी जीत मिलेगी। भाजपा की ओर से घोषित किए गए सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के बारे में शशि सिंह ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में सामरी विधायक तथा संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष रहे चिंतामणि महाराज का नाम ईडी की जांच सूची में था मगर कांग्रेस छोडक़र भाजपा ज्वाइन करते ही उनका नाम जांच




की सूची से हट गया, यानि भाजपा में जाते ही इनके पाप वाशिंग मशीन से धुल गए। शशि ने कहा भाजपा की सारी कारस्तानियों को जनता देख रही है आमजनों ने इस चुनाव में भाजपा को जवाब देने का मन बना लिया है। सरगुजा संसदीय सीट से जीत के बाद वे गरीबों तथा महिलाओं के हित को लेकर काम करेंगी तथा सरगुजा में उद्योग स्थापित हो, इसके लिए विशेष प्रयास करेंगी, जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर सिंहदेव ने कहा कि पिछले 8-9 सालों से देश में जो खतरा उत्पन्न हुआ है उसे देखते हुए यह चुनाव बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण है। मणिपुर तथा लद्दाख व अन्य प्रदेशों में स्थिति खतरनाक हो चुकी है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अब तक चुनाव हो जाना चाहिए था, मगर वह नहीं हो सका। पत्रकारों को अजय अग्रवाल, शफी अहमद, बालकृष्ण पाठक तथा द्वितेन्द्र मिश्रा ने भी संबोधित किया तथा आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत मिलने का भरोसा जताया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व विधायक पारसनाथ पैकरा, अजय अग्रवाल, हेमन्त सिन्हा, राजेंद्र तिवारी, हेमंत तिवारी, अशफाक अली, अरविंद सिंह गप्पू सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हाई कोर्ट से इमरान खान की पार्टी को मिली रैली करने की अनुमति,छह अप्रैल को इस्लामाबाद में होगी सभा

**इस्लामाबाद,27 मार्च 2024।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने बुधवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा इस्लामाबाद में रैली का आयोजन करने वाली याचिका को स्वीकर कर ली है। अदालत ने अधिकारियों को कानून के तहत पार्टी को रैली का आयोजन करने का आदेश भी दिया।

**अप्रैल में होगा रैली का आयोजन**

इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई द्वारा एक रैली आयोजित करने के मामले पर सुनवाई की। पार्टी इस रैली का आयोजन 23 या 30 मार्च को करना चाहती थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसे छह अप्रैल को आयोजित करने का फैसला किया। जिला प्रशासन द्वारा अनुमति देने से इनकार करने के बाद पार्टी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था।



आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने मामले की सुनवाई की। उन्होंने कहा, किसी से मिलने का अधिकार नहीं छीना जा सकता है। शर्तें तय करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन नियम एवं शर्तों के विपरित इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए।

**रैली के दौरान दंगा न हो जस्टिस फारूख**

पीटीआई के वकील शेर अफजल मारवत ने बताया कि उनकी पार्टी छह अप्रैल को सार्वजनिक रैली आयोजित करना चाहती है। इस पर जस्टिस फारूक ने पार्टी को यह सुनिश्चित करने को कहा कि रैली के दौरान कोई दंगा न हो। मारवत ने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। जस्टिस फारूख ने चीनी नागरिकों पर हमलों के मद्देनजर सुरक्षा चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि जिंदगी रुकती नहीं, चलती रहती है। हमें इसी तरह आतंकवाद को खत्म करना होगा।

बता दें कि आठ फरवरी को आम चुनाव के बाद पीटीआई की तरफ से यह एक बड़ा आयोजन होगा। पीटीआई के संस्थापक इमरान खान पर 2022 में सत्ता से बाहर जाने के बाद से ही कई मामले दर्ज किए गए थे। उन्हें पहले ही चार मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। दो मामलों में उनकी पत्नी भी दोषी है।

# बीते 10 वर्षों में 38400 प्रवासियों की डूबने की वजह से गई जान,यूएन रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े

**न्यूयॉर्क,27 मार्च 2024।** संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की तरफ से एक रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट के में बताया गया है कि बीते 10 वर्षों में 64,000 प्रवासियों की मृत्यु हुई है। इनमें से करीब 38,400 प्रवासियों की मौत समुद्र में डूबने से हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भूमध्य सागर में सबसे ज्यादा 27,000 प्रवासियों की मौतें हुई हैं।

**खतरनाक भूमध्य सागर में मारे गए 27,000 प्रवासी**

भूमध्य सागर के रास्ते कई प्रवासी उत्तरी अमेरिका से दक्षिणी यूरोप जाने की कोशिश करते हैं। आईओएम के डेटा विश्लेषक एंड्रिया गार्सिया बोरजा ने बताया कि भूमध्य सागर खतरनाक क्षेत्र है और यहां यात्राएं करना बेहद जोखिम भरा साबित होता है। उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में भूमध्य सागर के आंकड़ों को काफी गहनता से देखा गया है। उनके मुताबिक सहारा रेगिस्तान जैसे क्षेत्रों की निगरानी करना कठिन था क्योंकि वहां का विश्वसनीय डेटा आना मुश्किल था।

**वर्ष 2023 में प्रवासन मार्गों पर 8,500 लोगों की मौत**

आधे से अधिक मामलों में, आईओएम प्रवासी का लिंग या उम्र जानने में असमर्थ रहा। जिन जगहों में प्रवासी की पहचान की जा सकती है, वहां एक-तिहाई से अधिक प्रवासी संघर्ष वाले देशों या बड़ी शरणार्थी आबादी वाले देशों से आए थे। यह रिपोर्ट बताती है कि 2023 में दुनिया भर के प्रवासन मार्गों पर 8,500 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। आईओएम का कहना है कि इस लिहाज से साल 2023 सबसे खतरनाक साल कहा जा सकता है। साल 2024 के आंकड़े भी चिंताजनक हो सकते हैं।

आईओएम के अनुसार इन रास्तों पर मजबूत बचाव क्षमताएं और सुरक्षित प्रवासन मार्ग की बेहद आवश्यकता है। समुद्र में, संकट में फंसे प्रवासियों के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून की अधिक सहायता की आवश्यकता है।

**पश्तून कार्यकर्ता का दावा**

# मॉस्को आंतकी हमले के तार पाकिस्तान में हुए धमाकों से जुड़े,बहुत कुछ होने वाला है

**इस्लामाबाद,27 मार्च 2024।** पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) के सदस्य फजल-उर-रहमान अफरीदी का कहना है कि न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया खतरे में है। दरअसल उन्होंने आरोप लगाया है कि मॉस्को में हुए आतंकी हमले और खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले में हुए हमले के बीच एक जैसे संबंध प्रतीत हो रहे हैं।



**पाकिस्तान में आत्मघाती हमला**

बता दें कि खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी थी। इस दौरान बस में सवार कम से कम छह पांच नागरिकों की मौत हो गई थी। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। घटना उस समय हुई, जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को सामने से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी।

**पाकिस्तान और मॉस्को में एक जैसा हमला : अफरीदी**

पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट के सदस्य फजल-उर-रहमान अफरीदी का कहना है कि पाकिस्तान और मॉस्कों में हुए आतंकी हमले एक जैसे प्रतीत हो रहे हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान सरकार के ही कुछ लोगों द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों और आईएसआईएस को साथ लेकर से ऐसी आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। अफरीदी ने कहा कि ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की सेना के प्रतिनिधियों ने इस हमले को अंजाम दिया है और इस बार पाकिस्तान चीन के साथ दोहरा खेल खेल रहा है।

# भारतीय दूतावास ने बाल्टीमोर हादसे पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी,बाइडन ने चालक दल की सक्रियता को सराहा

**वॉशिंगटन, 27 मार्च 2024।** अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। बता दें, एक कंटेनर शिप (मालवाहक जहाज) के टकराने से तीन किलोमीटर लंबा फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया। जहाज में चालक दल के सभी 22 मेंबर भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं।

**यह है पूरा मामला**

सिंगापुर के झंडे वाला मालवाहक जहाज डाली श्रीलंका की राजधानी कोलंबो जा रहा था। तभी बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। कुछ ही सेकंड



में लगभग पूरा पुल ढह गया। अधिकारियों ने बताया कि पुल ढहकर करीब 50 फीट (15 मीटर) नीचे ठंडे पानी में गिर गया है। हादसा मंगलवार सुबह हुआ है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जहाज को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा था। वहीं, चालक दल ने सक्रियता दिखाते हुए अलर्ट कॉल दिया था, जिससे पुल की ओर बढ़ते लोगों को रोक लिया गया था।

**राष्ट्रपति ने चालक दल की सतर्कता की तारीफ की**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस बात की पुष्टि की है कि टक्कर से पहले जहाज के चालक दल ने चेतावनी जारी कर दी थी, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकी। उन्होंने कहा, जहाज पर मौजूद कर्मचारियों को जैसे ही महसूस हुआ कि उन्होंने जहाज पर नियंत्रण खो दिया है। उन्होंने तुरंत मैरीलैंड परिवहन विभाग को सतर्क कर दिया। जानकारी मिलते ही स्थानीय अधिकारियों ने पुल पर यातायात बंद कर दिया, जिससे निसंदेह लोगों की जान बच गई।

**दूतावास ने जताया शोक**

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना को लेकर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

**हेल्पलाइन की जारी**

दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

# मलयेशिया के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर,आपसी रिश्तों समेत इन मुद्दों पर चर्चा

**कुआलालंपुर, 27 मार्च 2024।** भारत और मलयेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद मलयेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा यह आधिकारिक बयान जारी किया गया है। दरअसल बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलयेशिया में अपने समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी के साथ मुलाकात की। इस दौरान पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।



**तीन देशों की यात्रा पर एस जयशंकर**

आपको बता दें कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलयेशिया के दौरे पर हैं। इस यात्रा का तीसरा और आखिरी चरण मलयेशिया है। इससे पहले फिलीपींस और सिंगापुर में भी जयशंकर द्वारा यात्राएं और सार्थक मुलाकातें की गई हैं।

**मुलाकात में इन मुद्दों पर चर्चा**

भारत और मलयेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित कराने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन द्वारा पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी। इस बार इस यात्रा का उद्देश्य भारत और मलयेशिया के बीच सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ ही साझा चुनौतियों और अवसरों की समझ को बढ़ाना है। मलेशिया के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 2023 में भारत ने मलयेशिया के 12वें सबसे बड़े वैश्विक व्यापार भागीदार की भूमिका अदा की थी। यह व्यापार कुल मिलाकार 16.53 बिलियन डॉलर था।

**जयशंकर ने मलयेशियाई पीएम इब्राहिम से की मुलाकात**

इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है।

जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

बातचीत के दौरान जयशंकर ने पीएम मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ। गौरतलब है कि जयशंकर सिंगापुर, फिलीपींस और मलेशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और आखिरी चरण में कुआलालंपुर में हैं। इससे पहले जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन से मुलाकात की।

# होली के रंग में रंगा अमेरिका,न्यूयॉर्क में हजारों लोगों ने मनाया त्योहार,भारतीय पकवानों का लिया आनंद

**न्यूयॉर्क,27 मार्च 2024।** होली का रंग देश ही नहीं दुनिया के कई हिस्सों में देखने को मिला। होली के दिन लोग एक दूसरे पर रंग लगाते हैं और सारे गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे के गले मिलते हैं। हर कोई त्योहार के जश्न में डूबा दिखता है। ऐसा ही कुछ न्यूयॉर्क की साउथ स्ट्रीट सीपोर्ट पर देखने को मिला। यहां सात हजार से अधिक भारतीय और अमेरिकी लोगों ने साथ मिलकर रंगों का त्योहार मनाया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भारत की सांस्कृतिक और पाक विविधता पर प्रकाश डालते हुए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल का प्रदर्शन करके जश्न को खास बनाया। साउथ स्ट्रीट सीपोर्ट में उत्साह का माहौल था। यहां लोग एक दूसरे से गले मिले दिखे। वहीं रंगों से एक-दूसरे को सराबोर किया और बॉलीवुड संगीत और ढोल की धुन पर जमकर नृत्य भी किया।



भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भारतीय व्यंजनों की भी व्यवस्था कराई थी। सबसे ज्यादा यहा जो पसंद किया जा रहा था वो थी भारतीय मानसून मालाबार कॉफी। हर कोई इस कॉफी का आनंद ले रहा था। इसके अलावा, लोगों ने बाजरा कुकीज और चॉकलेट का मजा लिया।

**बाइडन ने दी बधाई**

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यहां 7000 से अधिक भारतीयों और अमेरिकियों ने न्यूयॉर्क में साउथ स्ट्रीट सीपोर्ट पर होली मनाई। वहीं राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी सोमवार को होली की शुभकामनाएं दीं।

बाइडन ने सोशल मीडिया एक्स पर बधाई संदेश में कहा, दुनिया भर में लाखों लोग गुलाल और जीवंत रंगों के साथ वसंत के आगमन और होली का जश्न मना रहे हैं। जिल बाइडन और मैं हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हैं।

**एंटनी ब्लिंकन ने भी होली की बधाई दी**

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका और दुनिया भर में होली का जश्न मनाने वालों को शुभकामनाएं। रंगों का त्योहार इस मौसम में आपके लिए खुशियां और स्नेह लेकर आए।

# कलेक्टर भोस्कर ने बढ़ाया शिक्षकों का हौसला,कल से शुरू होंगी नीट की निःशुल्क आवासीय कोचिंग







**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** कलेक्टर विलास भोसकर के नेतृत्व में अभिनव पहल स्वरूप जिले में नीट की तैयारी की निःशुल्क आवासीय कोचिंग की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है। इसके साथ ही 1 अप्रैल से जिले के सातों विकासखंड से चयनित कुल 35 स्कूलों में उत्कृष्ट क्लासेस शुरू होंगी।

जिले के कक्षा 12 वीं में पढ़ने वाले और नीट परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क नीट कोचिंग की यह पहल की गई है। नीट निःशुल्क आवासीय कोचिंग हेतु अब तक 100 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया।

नीट कोचिंग एवं उत्कर्ष क्लासेस के सफल संचालन के लिए बुधवार को कलेक्टर ने मल्टीपरपज स्कूल सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षकों का हौसला बढ़ाया। कलेक्टर भोस्कर ने इस अवसर पर कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले के बच्चों को नीट जैसी परीक्षा की तैयारी

- **आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में बच्चों को नीट परीक्षा की तैयारी में मदद करने प्रशासन कर रहा समन्वित प्रयास, बच्चों के सिलेक्शन से होगी हमारी मेहनत सफल : कलेक्टर**
- **अगले सत्र से सालभर शनिवार और रविवार को नीट की विशेष क्लासेस चलाने कलेक्टर ने दिया निर्देश**
- **10वीं और 12वीं में जाने वाले बच्चों के लिए उत्कर्ष क्लासेस 1 अप्रैल से होगी शुरू,अग्रिम तैयारी के जरिए बोर्ड में बेहतर रिजल्ट का प्रयास**

करने में किसी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े, विशेष करके निर्धन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को पढ़ाई में अतिरिक्त मदद मिल सके। इसके लिए ही प्रशासन द्वारा निःशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा शुरू की जा रही है। अब तक सौ बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, यदि कुछ बच्चे भी चयनित होते हैं, तो हमारी मेहनत सफल होगी।

इसी तरह ग्रीष्मकालीन अवकाश में उत्कर्ष क्लासेस शुरू की जा रही है। जिले में 35 स्कूल चयनित किए गए हैं जहां इस सत्र में 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गणित, विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी और अंग्रेजी का अध्यापन किया जायेगा जिससे वे अगली कक्षा के लिए अग्रिम रूप से तैयार रहें। बच्चों की मदद करने के लिए अपना सहयोग करें। आपका बहुमूल्य समय बच्चों की जिंदगी संवार सकता है। उन्होंने कहा कि एक कलेक्टर होने के नाते आज प्रोफेशनल लाइफ में जहां हैं, उसके लिए आप ही की तरह एक शिक्षक ने सपोर्ट किया है, तब इस पद पर पहुंचे हैं। एक बच्चे को हम बाहरी रूप से संवार सकते हैं पर शिक्षक ही बच्चों को अंदर से संवारते हैं। एक शिक्षक में इतनी ताकत होती है कि वे बच्चे के भविष्य को बना सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से स्वेच्छा से काम में योगदान देने कहा। आप सभी से अपील है कि अपना समय और ज्ञान बच्चों को दीजिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की यही कार्ययोजना है कि जल्द पढ़ाई शुरू करने से सिलेबस पूरा करने में आसानी होगी और बच्चों को रिवीजन का मौका मिलेगा। सरगुजा के बच्चों के लिए समन्वित प्रयास करेंगे। इसके जरिए जिले में हमारा प्रयास रिजल्ट बेहतर करने का होगा।

**अगले सत्र से सालभर शनिवार और रविवार को नीट की विशेष क्लासेस चलाने कलेक्टर ने दिया निर्देश**

निःशुल्क नीट आवासीय कोचिंग हेतु प्रत्येक विषय के 2-2 व्याख्याताओं को चयनित किया गया है। इसके साथ ही उत्कर्ष क्लासेस हेतु चयनित 35 स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान शिक्षकों से भी सुझाव लिए गए। शिक्षकों के सुझाव पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले सत्र में पूरे साल भर शनिवार और रविवार को नीट की विशेष क्लासेस चलाई जाए जिससे बच्चों को साल भर में इसका फायदा मिल सके।

# रेंड़ नदी के एनीकट में डूबने से छात्र की मौत,दोस्त को डूबता देख बचाने में हुआ हादसा







-संवाददाता-
सूरजपुर,27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
सूरजपुर जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूल में 11वीं कक्षा के एक छात्र की रेण नदी के एनीकट में डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र परीक्षा देने के बाद अपने तीन दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान दोस्त को डूबता देख वह उसे बचाने के लिए गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं आ पाया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सूरजपुर निवासी ओम साहू 17 वर्ष स्वामी आत्मानंद स्कूल में परीक्षा देने सुबह घर से निकला था। उसकी परीक्षा 12.30 बजे खत्म हुई, तो दोस्तों के साथ नयनपुर में रेण नदी के एनीकट में नहाने चला गया। वहां चारों नहाने के लिए नदी में उतरे। उनका एक दोस्त गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए ओम प्रकाश साहू गहरे पानी में चला गया। वह तैरना नहीं जानता था। इसलिए वह दोस्त के पास नहीं पहुंच सका और दूसरी दिशा में चला गया। ओम के दोस्तों ने शोर मचाया तो पास में नहा रहे लोगों ने डूब रहे एक दोस्त को बचा लिया, लेकिन ओम साहू को बाहर नहीं निकाल सके। घटना की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम ने 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद छात्र के शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया है। उसके पिता विजय साहू पान दुकान चलाते हैं।

## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या का अंदेशा,2 युवतियां हिरासत में, पूछताछ में जल्द खुलेगा मामला



-संवाददाता-
बलरामपुर,27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
नगर के वार्ड क्रमांक 2 में अपने बहन के साथ रहने वाले 18 वर्षीय युवक को बेहोश की स्थिति में वार्ड क्रमांक 5 में देखा गया। जिसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने धारा 302 का अपराध कायम कर दो युवतियों को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। मामला प्रेम प्रसंग में हत्या का बताया जा रहा है। पुलिस ने एक-दो दिन में पूरे मामले के खुलासे की बात कही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के ग्राम पुत्र में रहने वाला वीरेंद्र यादव आ. बिहारी यादव 18 वर्ष वार्ड क्रमांक 2 में अपने बहन के साथ रहता था। वह पढ़ाई करने के साथ-साथ नगर के एक कपड़ा दुकान में काम भी करता था। वीरेंद्र को बेहोशी की स्थिति में वार्ड क्रमांक 5 में मंगलवार को जब लोगों ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना उसकी बहन को दी। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वीरेंद्र के गर्दन पर निशान थे। इस संबंध में एसडीओपी जितेंद्र खूंटे ने बताया कि मामले में धारा 302 का अपराध कायम कर दो लड़कियों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सी-विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन का किया जा सकता है शिकायत

-संवाददाता-
सुरजपुर 27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
सी-विजिल एप्प से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। सी-विजिल एप्प के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप्प स्टोर से सी-विजिल एप्प डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है।




### शिकायत निवारण की प्रक्रिया

शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है। सी-विजिल एप्प में दर्ज होने वाली शिकायत आम तौर पर सी-विजिल एप्प में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है।

### शिकायत की निगरानी

आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप्प में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके नागरिक अपनी शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

### नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य -

सी-विजिल एप्प पर शिकायत करने हेतु नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता एप्प के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है।

## सुरजपुर के वॉलीबाल खिलाड़ी अंबर पांडेय को मिला खेल अलंकरण सम्मान

**शहीद पंकज विक्रम सम्मान 2019-20 से हुए सम्मानित**



-संवाददाता-
सुरजपुर,27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
सुरजपुर जिले के विश्रामपुर निवासी वॉलीबल खिलाड़ी अंबर पांडेय को छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सत्र 2019-20 के लिए खेल अलंकरण शहीद पंकज विक्रम सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान को प्राप्त करने वाले अंबर सरगुजा संभाग के पहले खिलाड़ी है। खेल अलंकरण के अंतर्गत अंबर को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं 25,000 नगद राशि प्रदान किया गया। अंबर पांडेय वर्तमान में खेल कोटा के तहत बनारस में डी.एल.के पद पर पदस्थ है। अंबर पांडेय को खेल अलंकार से सम्मानित होने पर जिला प्रशासन सूरजपुर, जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष अजय गोयल, सचिव रामश्रृंगार यादव, कोषाध्यक्ष राजनाथ ने बधाई व शुभकामना दी। अंबर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, गुरुजन एवं संघ के प्रशिक्षक को दी है। उनके इस उपलब्धि पर पूरे जिले में हर्ष व्याप्त है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024: कलेक्टर-एसपी ने किया स्ट्रांगरूम व जवानों के ठहरने वाले स्थलों का निरीक्षण

**बिजली,पानी,शौचालय की समुचित व्यवस्था करें: कलेक्टर लंगेह,खिड़की,दरवाजा,ग्रिल,सीसी कैमरा मजबूत हो: एसपी श्री परिहार**



-संवाददाता-
कोरिया,27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
लोकसभा निर्वाचन 2023 को लेकर आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने स्ट्रांग रूम व सुरक्षा जवानों के ठहरने की जगह का निरीक्षण किया।

बैकुंठपुर के आदर्श रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को विगत विधानसभा सभा निर्वाचन 2023 में स्ट्रांग रूम बनाया गया था। लोकसभा निर्वाचन के लिए भी इसी स्थल को बनाया गया है। ईवीएम व वीपीएटी मशीनों के रखरखाव व चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सलका स्थित पालीटेक्निक कॉलेज भवन का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को शौचालय कक्ष को व्यवस्थित करने, खिड़की, दरवाजा आदि टूटफूट को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने निर्वाचन कार्य में सुरक्षा जवानों के पीने की पानी, बिजली, कूलर व साफ-सुथरा शौचालय व्यवस्था करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

लोक निर्माण, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्था समय पर कर लें ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने बिजली गुल होने पर जनरेटर व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कोरिया में तृतीय चरण में चुनाव होना है, इस दौरान तेज गर्मी पड़ने की आशंका को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

बता दें लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रदेश सहित कोरिया जिले में आदर्श आचार संहिता 17 मार्च 2024 से प्रभावशील है। प्रदेश में 11 लोकसभा सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान होगा, वहीं 6 लोकसभा सीट अनारक्षित है 4 सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आरक्षित है एवं 1 सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। तृतीय चरण में होने वाले कोरबा लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल, नामांकन दाखिल करने की अंतिम 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल, नाम वापसी 22 अप्रैल व मतदान मंगलवार, 7 मई 2024 है। तीनों चरणों का मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को होगी। कोरिया जिले के बैकुंठपुर व सोनहत विकासखण्ड में बनाए मतदान केंद्रों में आम मतदाताओं की सुविधाओं के लिए दीवार लेखन किया जा रहा है।
निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर पालिका में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा नगर पालिका सीएमओ के नेतृत्व में आज नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की स्वच्छता दीदियों ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ जागरूकता रैली के माध्यम से सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने शत प्रतिशत मतदान करने का अपील किया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन न खड़ा करने के निर्देश

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़/27 मार्च 2024/ कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने पीडब्ल्यूडी तिराहा से लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किसी भी प्रकार के बड़े वाहन (बस, ट्रक) खड़ा न करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर जितने भी वाहन के गैरेज हैं वे अपने गैरेज परिसर में वाहन खड़ी कर सुधार कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग में किसी भी प्रकार की वाहन खड़ी पायी जाती है या किसी गैरेज के सामने वाहन खड़ी पायी जाती है तो चालानी कार्यवाही की जायेगी साथ ही गैराज मालिक के ऊपर भी उचित कार्यवाही की जायेगी।

## होली मिलन समारोह में बताया गया मतदान का महत्व

-सवाददाता-
सूरजपुर,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
शिक्षक संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें उपस्थित जनों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। समारोह में सचिन त्रिपाठी द्वारा उपस्थित जनों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि लोकतंत्र में वोट डालना प्रत्येक पात्र वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। चुनाव में प्रत्येक मतदाताओं को इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस महत्व को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।



# बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत हो रहा जमकर अवैध कारोबार, वहीं बसदेई पुलिस कार्यवाही करने में नाकाम क्यों?

## बसदेई चौकी में एक आरक्षक व एक प्रधान आरक्षक दो साल से एक ही जगह जमे हुए,क्या उच्च अधिकारियों की नहीं जा रही इन पर नजर?

## क्या प्रधान आरक्षक व आरक्षक का मिल रहा अवैध कारोबारियों को संरक्षण?

## चौकी प्रभारी,प्रधान आरक्षक व आरक्षक एक ही जाति समाज के चौकी में चला रहे अपनी मनमानी:सूत्र

### बसदेई पुलिस चौकी में सूरजपुर जिले के किसी थाने से ज्यादा इस चौकी का प्रभार पाने की मारा मारी है

सूत्रों की माने तो आज भी बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत जुआ फड़ संचालित है छोटे स्तर पर वहीं अन्य कई अवैध कारोबार फल फूल रहे है जिसमे नशे का भी कारोबार बड़े स्तर पर यहां हो रहा है। सभी अवैध कारोबार पुलिस संरक्षण में ही जारी है यह भी सूत्रों का कहना है वहीं एक ही जाति के चौकी प्रभारी, प्रधान आरक्षक,आरक्षक यह संरक्षण प्रदान कर रहे हैं यह भी सूत्रों का ही कहना है जिन्होंने एक तरह से इस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अपना दबदबा कायम कर रखा है और इनके बिना जानकारी कुछ भी किसी के लिए कर पाना असंभव है जिसे संरक्षण प्रदान कर यह संभव बना रहे हैं। बसदेई पुलिस चौकी सूरजपुर जिले का वह पुलिस चौकी है जहां जाने के लिए प्रभार पाने के लिए किसी पुलिस थाने से ज्यादा मारा मारी है और अभी उक्त पुलिस चौकी में उप निरीक्षक स्तर के प्रभारी प्रभार में हैं जिन्हे बिना प्रभार नौकरी करते देखा ही नहीं गया है वहीं जब उनका एमसीबी जिले से तबादला हुआ तब उन्हे पहली बार अपने गृह जिले से बाहर जाते देखा गया था और वह नए जिले में आते ही बसदेई पुलिस चौकी प्रभारी बने जिसके लिए बताया जाता है की गृह जिला छोड़ने से पहले ही उन्होंने शर्त रख दी थी जो जब पूरी हुई तभी उन्होंने गृह जिला छोड़ा। वैसे अभी बसदेई पुलिस चौकी में प्रभारी सहित प्रधान आरक्षक एवम एक आरक्षक की तिकड़ी जमी हुई है जो एक ही जाति से हैं और जिन्होंने चौकी क्षेत्र में सब कुछ सेट कर रखा है और जमकर चौकी क्षेत्र में अवैध कारोबार चल रहा है।

### जमकर होता है बसदेई चौकी अंतर्गत अवैध कारोबार,संरक्षण बिना इस स्तर पर कारोबार संभव नहीं

सुरजपुर जिले के बसदेई चौकी अंतर्गत जमकर अवैध कारोबार होता है,इस चौकी क्षेत्र में जुआ,नशा,अवैध उत्खनन सहित कई अवैध कारोबार धड़ल्ले से होते है जिन्हे रोकने में किसी की रुचि नजर नहीं आती,जुआ का बड़ा फड़ यहां कई समाचार प्रकाशन के बाद पकड़ा तो गया लेकिन वह तब संभव हो पाया जब छापा दूसरे जगह के पुलिस टीम से द्वारा डाला गया। माना जाता है की यदि बसदेई चौकी के पुलिसकर्मियों को पता भी चला होता की जुआ फड़ पर छापा पड़ रहा है वह छापा असफल कर देते इसलिए पुलिस अधीक्षक तत्कालीन ने बसदेई पुलिस को बिना सूचना दिए छापा डलवाया और बड़े स्तर पर चल रहे जुआ फड़ से लाखों रुपए सहित कई दर्जन जुआड़ी पकड़े गए। जुआ स्थानीय पुलिस के सह पर चल रहा था यह कई बार जब खबरों में छपा एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक के नाम पर जुआ फड़ में होने वाली वसूली का जब खबरों में उल्लेख हुआ तब पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लिया और कार्यवाही हुई जो यह भी साबित कर गई की बसदेई चौकी अंतर्गत जुआ फड़ का पुलिस संरक्षण में संचालन मामले में प्रकाशित खबर सत्य थी और जो जुआडियों के पकड़े जाने के बाद सच साबित हुई। वैसे प्रभारी,प्रधान आरक्षक और आरक्षक चौकी अंतर्गत ऐसे तीन चेहरे हैं जिनके अलावा किसी का चौकी क्षेत्र में चलता भी नहीं है वहीं उनमें से ही एक दो का स्थानीय होना और स्थानीय संपर्क होना उनका मददगार साबित हो रहा है जो उन्हे विरोध से बचा रहा है गलत करने पर।


क्या निर्देश के बाद सूरजपुर जिले में पकड़े गए बड़े जुआ फड़ को संरक्षण देने वाली बसदेई पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही होगी?


42 जुआड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे
सूरजपुर पुलिस की अंतरराज्जीय जुआ फड़ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही


शिवप्रसाद नगर में बड़े पैमाने पर चल रहा जुआ फड़ पर क्या बसदेई पुलिस द्वारा छोटी-छोटी कार्यवाही कर अधिकारियों के आंख में धूल झोंकने का कर रही है प्रयास?

-ओंकार पाण्डेय-
सुरजपुर 27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




सुरजपुर जिले का कोई पुलिस थाना इतना सुर्खियां नहीं बटोर रहा है फिलहाल जितना एक पुलिस चौकी आजकल सुर्खियों में है जिसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में जमकर अवैध कारोबार हो रहा है और पुलिस मामले में मौन है। सुरजपुर जिले के जिला मुख्यालय से कुछ दूर भैयाथान मार्ग पर ही यह पुलिस चौकी स्थित है और दो पुलिस थानों के बीच इस चौकी का क्षेत्र भी काफी बड़ा है जहां इस चौकी के माध्यम से ही कानून व्यवस्था स्थापित किए जाने का प्रयास होता है। बसदेई पुलिस चौकी को लेकर माना जाता है की एक पुलिस थाना में पदस्थापना जैसा जोर इस चौकी के लिए लगाना पड़ता है तब इस चौकी में प्रभारी या पुलिसकर्मी बतौर काम करने का मौका मिल पाता है। हाल फिलहाल में बसदेई पुलिस चौकी की सुर्खियां और फैली हुई हैं इसका नाम और लोकप्रिय हुआ है जबसे यहां अवैध कारोबार की बाढ़ सी आई हुई है।

सूत्रों की माने तो इस पुलिस चौकी के अंतर्गत दुनिया भर के अवैध कारोबार हो रहे हैं, जुआ का एक बड़ा फड़ हाल में ही यहां पकड़ा गया था जहां से लाखों रुपए और को दर्जन जुआड़ी पकड़े गए थे वहीं इस कार्यवाही में सबसे आश्चर्यजनक यह था की कार्यवाही में स्थानीय बसदेई पुलिस को शामिल नहीं किया गया था और तभी जाकर कार्यवाही सफल हो सकी थी स्थानीय पुलिस बसदेई पुलिस को यदि भनक भी लगती कार्यवाही सफल नहीं होती इसलिए उन्हे शामिल नहीं किया गया था उन्ही की संरक्षण में जुआ फड़ संचालित था, पुलिस के लिए बकायदा एक डिब्बे में हिस्सा निकलता था यह मामला भी समाने आया था तब जाकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर तत्कालीन ने यह कार्यवाही करने अन्य पुलिस थानों के पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया था जिसमे बड़े जुआ फड़ का पर्दाफाश हो सका था।

### प्रधान आरक्षक सहित एक आरक्षक हैं दो साल से चौकी में पदस्थ,जिन्हे हटाने उच्च अधिकारियों को देना होगा ध्यान

चौकी में एक प्रधान आरक्षक एक आरक्षक दो वर्षों से पदस्थ हैं जिन्हे हटाने में कोई अधिकारी अभी तक रुचि लेता नजर नहीं आया है। अधिकारियों को इन्हे हटाने ध्यान देना होगा तब पुलिस चौकी क्षेत्र बसदेई अवैध कारोबार से मुक्त होगा,चौकी क्षेत्र में दो वर्षों से पदस्थ दोनो जिनमे एक प्रधान आरक्षक है वहीं एक आरक्षक है का क्षेत्र में काफी दबदबा कायम हो चुका है और दोनो दबदबा कायम कर अब संरक्षण प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इनके द्वारा जुआ फड़ में अपने नाम का वसूली डब्बा रखा जाना ही इसी बात का प्रमाण है की यह कितने शातिर हो चुके हैं और अवैध कारोबार के मामले में इनका किस तरह का सहयोग है हिस्सेदारी है। वैसे इन्हे स्थानीय होने का भी फायदा मिल रहा है और यह आसानी से अवैध कारोबारियों से संपर्क स्थापित कर पा रहे हैं क्योंकि स्थानीय होने के कारण सूचना पूर्व से ही इनके पास उपलब्ध रहती है। वैसे वर्तमान में प्रभारी सहित तीन की तिकड़ी तोड़ी जानी जरूरी है जिससे क्षेत्र में अवैध कारोबार रोका जा सके।

### क्या बसदेई चौकी में है ज्यादा कमाई?

क्या चौकी या थाना पाना सिर्फ कमाई करना ही होता है उद्देश्य? यह सवाल इस समय सूरजपुर के पुलिसिंग को लेकर लोगों के जेहन में है, पुलिस की जिम्मेदारी शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखना की है ताकि समाज में शांति बनी रहे और आपराधिक गतिविधियां बंद हो सकें ,सुरजपुर जिले में पुलिसिंग इसके अनुरूप नहीं चल रहा है यहां पर शांति व्यवस्था नहीं जिन थानों में कमाई ज्यादा है वहां पर पदस्थापना पाना पुलिसकर्मियों का शौक है अब सवाल यह उठता है कि पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी सिर्फ कमाई तक सीमित है या फिर अपराध को खत्म करने की? लेकिन जैसा सूत्रों का कहना है सूरजपुर जिले की बसदेई पुलिस चौकी अवैध कारोबारी का गढ़ बना हुआ है यहां पर हर तरह के अवैध कारोबार संचालित होते हैं पर अवैध कारोबारी से पुलिस महीना वसूल रही है और उन्हें अवैध कारोबार करने का छूट दे रखा है ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ऐसी स्थिति वहां पर आम हो चली है यह बात सभी को पता है यहां तक की वहां के स्थानीय पुलिस को भी पता है पर कार्यवाही करना उनकी जिम्मेदारी नहीं है कुछ ऐसा ही लगता है और कार्यवाही ना होना भी उनके वह अवैध कारोबारी के साठ गांठ की तरफ इशारा करता है?

### थाने से ज्यादा कमाई बसदेई चौक की?

सूरजपुर जिले में लगभग दर्जन भर पुलिस थाना है पर उस थाने से ज्यादा कमाई एक चौकी की है ऐसा सूत्रों का कहना है यही वजह है कि इस चौकी का प्रभारी अच्छे-अच्छे बनना चाहते हैं इसके लिए काफी पैरवी भी लगाई जाती है तब जाकर शातिर पुलिसकर्मियों को यहां का प्रभारी बनाया जाता है, कुछ ऐसा ही कोरिया एमसीबी जिले का मोह छोड़ स्थानांतरण के बाद आने वाले उप निरीक्षक जो स्थानांतरण के एक महीने बाद जिले में आमद दी थी पर आते ही उन्हें सीधे बसदेई चौकी का प्रभारी बना दिया गया था, उनके क्षेत्र में उनके आने के बाद से अवैध कारोबार बढ़ा है एक बार तो बहुत बड़ा जुआ फड़ पर भी कार्यवाही हुई थी, सूत्रों का यह भी कहना है कि उनके भाई एक पुलिस अधीक्षक के स्टेनो है जिसकी वजह से उन्हें काफी सहयोग मिलता है। सूरजपुर जिले में 10 पुलिस चौकी व 13 पुलिस थाना है जिसमें से सबसे ज्यादा कमाई वाला पुलिस चौकी बसदेई को माना जाता है, यहां पर थाने से भी ज्यादा कमाई की उम्मीद पुलिसकर्मियों को रहती है। अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता होगा कि जो पुलिसकर्मियों का थाना पाना सपना होता है उसके लिए थाना छोड़ चौकी पाना का सपना देखना कहीं ना कहीं स्वार्थ की तरफ इशारा करता है।

### तीन की तिकड़ी बसदेई चौकी क्षेत्र में है प्रसिद्ध,तीनों में से किसी एक से भी संपर्क किसी भी मामले में संरक्षण के लिए है काफी

बसदेई पुलिस चौकी में पदस्थ तीन पुलिसकर्मियों की तिकड़ी काफी प्रसिद्ध है। तीन में से किसी एक से भी संपर्क करके किसी भी मामले में संरक्षण प्राप्त किया जा सकता है ऐसा बताया जाता है। तीनों एक ही जाति के पुलिसकर्मी हैं और तीनों का पुराना आपसी परिवारिक संबंध भी है जो उन्हे हमराज बनाने में मददगार साबित हो रहा है। चौकी क्षेत्र में वैसे तो पहले भी ऐसे क्षेत्र शामिल थे जहां अवैध कारोबार होते थे जिसमे जुआ और नशे का कारोबार बड़े स्तर पर होता आ रहा था लेकिन तीन तिकड़ी के चौकी क्षेत्र में पदस्थ होते ही अवैध कारोबार को काफी संरक्षण मिलने लगा और इसमें वृद्धि देखी जाने लगी यह लोगों का कहना है। वैसे जब जुआ फड़ पकड़ा गया माना जा रहा था की तीन तिकड़ी का अब चौकी से जाना तय है लेकिन तत्कालीन पुलिस अधीक्षक का ही तबादला हो गया और यह बच निकले,जिन्हे अब कौन हटाएगा यह बड़ा प्रश्न है।



## वाणिज्य,उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन अपने निवास पर नगर वासियों के साथ मनाई होली

-संवाददाता-
कोरबा,27 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के चारपारा कोहड़िया स्थित निवास स्थान पर हर्षोल्लास के साथ मनाई होली । मंत्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान सुबह से मंत्री निवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंत्री देवांगन ने सभी को रंग लगाया, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की होली का त्योहार हमें गिले-शिकवे भूलाकर आपसी भाईचारे के साथ काम करना सीखाता है। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने जिलेवासियों से मिल-जुलकर जिले व प्रदेश के विकास में योगदान देने की बात की। होली के इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 4 जून को एक बार फिर प्रदेश में होली मनाएंगे।उन्होंने कहा की खुशियों का यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में समृद्धि व सद्भाव का रंग लाए और नई ऊर्जा के संचार का माध्यम बने। इस दौरान उन्होंने अपने बचपन याद करते हुए कहा के वे होली दहन से लेकर होली पर्व को अपने दोस्तों एवं नगाड़ों के साथ खूब हर्षोल्लास के साथ मनाया करते थे । इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल,कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विस्वकर्मा, बालको मंडल अध्यक्ष शिव बालक तोमर, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव,सचिव दिनेश राज,वरिष्ठ सदस्य श्रावण साहू,तोपचंद बैरागी सहित अन्य पत्रकार एवं जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, पार्षद नरेंद्र देवांगन, निज सचिव नरेंद्र पाटनवार, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, पार्षद लुकेस्वर चौहान, विजय साहू, धनश्री साहू, हरदीबाजार मंडल के पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा सहित कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता व आमजन व विभिन्न समाजों के प्रमुख इस होली मिलन समारोह में हुए शामिल।

## न्यू कोरबा हॉस्पिटल में इलाज के लिए लाए स्वस्थ मरीज की हुई मौत

### परिजन ने प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप

-राजा मुखर्जी-
कोरबा 27 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले के न्यू कोरबा हॉस्पिटल में उस वक्त हंगामा मच गया जब एक परिवार के द्वारा लाया गया मरीज का इलाज के दौरान मौत हो गयी,जिससे परिजन ने वहां मौजूद हॉस्पिटल स्टाफ से मौत का कारण पूछने पर उनके द्वारा गली गलौज किया गया एवं हाथ तोड़ने की बात कही गयी । जिस पर हंगामा बढ़ने से पुलिस को मिली सूचना पर बीच बचाव कर मामले को शांत किया गया । इस पूरे मामले की जानकारी के लिए वहां मौजूद मरीज के परिजन श्रीमती बिना नेताम ने कहा के शनिवार को मरीज को न्यू कोरबा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था,बताया गया था के उनका ब्लड प्रेशर लो है इलाज चल रहा है, पर अचानक देर रात खबर दिया गया की मरीज का देहांत हो गया है । मरीज के परिजनों द्वारा मौत का कारण पूछने पर हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा बाहर निकलने को कहा गया, जिस पर परिजन द्वारा विरोध करने पर वहां मौजूद स्टाफ ने हाथ तोड़ देने कि बात कहते हुए परिसर से बाहर निकाल दिया । वही मरीज की बेटी ने आरोप लगाते हुए कहा के जब उनके पिता



को शारीरिक जांच के लिए भर्ती कराया गया था तब वह स्वास्थ्य थे फिर अचानक उनकी मौत हो जाना कहीं ना कहीं हॉस्पिटल प्रबंधन की ही गलती है, जिसे वे छुपाना चाह रहे है और इसी कारण हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा हॉस्पिटल परिसर से बाहर निकाल ने के लिए जबरदस्ती धक्का मुक्की किया गया । बता दे की इससे पूर्व भी हॉस्पिटल प्रबंधन पर इस तरह के कई आरोप लग चुके है,उसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन का रवैया मरीज एवं उनके परिवार के लिए जस का तस बना हुआ है । आखिर हॉस्पिटल प्रबंधन का परिजनों से किया जा रहा दुर्व्यवहार कब थमेगा । इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर का कहना है के मरीज के अचानक तबीयत बिगड़ने पर मरीज को ऑक्सीजन चढ़ाया गया था जिसे वह ठीक से ले नही पा रहे थे मरीज का हार्ट भी कमजोर था फिर अचानक उनकी मौत हो गयी। डॉक्टर ने कहा शायद अचानक हार्ट अटैक होने से उनकी मौत हूई होगी,जिसकी पुष्टि पोस्मार्टम के बाद ही सामने आ सकेगा । वहीं उन्होंने कहा के हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा परिजनों के साथ किसी तरह की मारपीट नहीं की गयी,उल्टा परिजनों ने हॉस्पिटल के स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करते हुए एक स्टाफ और सुरक्षा गार्ड के साथ हाथा पाई कि है । जो भी हो बार बार न्यू कोरबा हॉस्पिटल(ह्य॥) पर लग रहे आरोप एवं उनके स्टाफों के द्वारा परिजनों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार कहीं ना कहीं हॉस्पिटल की साख एवं छवि को धूमिल कर रहा है ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-केशवनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रितु अग्रवाल आ. भगवान दास जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम-केशवनगर, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा अपनें स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-केशवनगर, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. केशवनगर, तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 1462/6 रकबा 0.010 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 02/04/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्ताव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-शिवनंदनपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूनम श्रीवास्तव आ. श्री हीरालाल, जाति कायस्थ, निवासी ग्राम शिवनंदपुर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा अपनें स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-शिवनंदनपुर, प.ह.नं. 02, रा.नि.मं. विश्रामपुर, तहसील लटोरी स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 347/7 रकबा 0.013 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माधयम से दिनांक 02/04/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्ताव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24
ग्राम-नारायणपुर, तहसील-रामानुजनगर

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत नारायणपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बृजलाल साहू आ0 रामचरित्र जाति तेली निवासी ग्राम-नारायणपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-नारायणपुर प.ह.नं.15 रा.नि.मं.,-देवनगर तहसील-रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 459/6 रकबा 0.04 हे0 में0 से 0.02 हे0 को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र के साथ बी-1, खसरा, नक्सा, शपथ-पत्र, रिनबरिंग सूची, सरगुजा स्टैट सेटलमेंट, रजिस्ट्री की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वंय अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/04/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/03/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वेद प्रकाश तिवारी आ0 सत्यानारायण तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरगंवा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 295/28 रकबा 0.012 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लाता देवी पत्नी सत्यनारायण ठाकुर जाति नाई निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 3554/12 रकबा 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप सिंह आ0 हरि सिंह जाति क्षत्रिय निवासी अम्बिकापुर तहसल अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 334/159 रकबा 0.032 हे0 में से 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

# बाबर आजम होंगे पाक टीम के कप्तान

» पीसीबी इन दो खिलाड़ियों को देगा जोरदार झटका

» पीसीबी को बाबर के अलावा कोई अन्य विकल्प उपयुक्त नजर नहीं आ रहा है

» टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले शाहीन अफरीदी से छिन सकती है कप्तानी



**नई दिल्ली,27 मार्च 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का शाहीन अफरीदी और शान मसूद से भरोसा उठ रहा है और ऐसा माना जा रहा है कि बाबर आजम को दोबारा राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। बाबर आजम ने पिछले साल भारत में संपन्न वनडे वर्ल्ड कप के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था।

शान मसूद टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे हैं जबकि टी20 प्रारूप में शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान के कप्तान की जिम्मेदारी निभाई। पीसीबी थिंक-टैंक में मौजूद सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस नतीजे पर पहुंचा है कि अन्य विकल्प की कमी होने के कारण बाबर आजम कप्तानी करने के सर्वश्रेष्ठ विकल्प नजर आते हैं।

### सूत्र ने क्या कहा

सूत्र ने कहा,मजेदार बात यह है कि बोर्ड की चेयरमैनशिप में बदलाव के बाद मजबूत अधिकारियों का शान मसूद और शाहीन अफरीदी की कप्तानी क्षमता से विश्वास उठ गया है। सूत्र ने साथ ही बताया कि बाबर आजम अब कुछ एटीट्युड दिखा रहे हैं।

सूत्र ने कहा,बाबर आजम के पास कुछ लोगों को भेजा गया, जो पता लगाएंगे कि वो पाकिस्तान टीम की दोबारा कप्तानी करने को तैयार हैं कि नहीं। बाबर आजम ने कुछ आपत्तियां दर्ज कराई हैं। वो बोर्ड चेयरमैन से कुछ वादे चाहते हैं।

### बाबर की खराब कप्तानी

जब जका अशरफ बोर्ड के चेयरमैन थे, तब बाबर आजम को वर्ल्ड कप के बाद कप्तानी से हटा दिया गया था। इसके बाद बाबर ने लाल गेंद क्रिकेट की कप्तानी का फैसला भी किया था। बाबर आजम ने 2000 से कप्तानी संभाल रखी थी, लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीतने के बाद उन्हें हटा दिया गया था।

सूत्र ने कहा, जका के समय शाहीन अफरीदी को टी20 प्रारूप का दमदार कप्तान माना जा रहा था के योंकि उनकी कप्तानी में लाहौर कलंदर्स ने दो बार पीएसएल खिताब जीता था। मगर बोर्ड में बदलाव के बाद उनकी कप्तानी में आए परिणामों को देखते हुए तेज गेंदबाज से कप्तानी छिनी जा सकती है।

### अफरीदी भी बेअसर

शाहीन अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों टी20 इंटरनेशनल सीरीज में 1-4 की शिकस्त सहनी पड़ी थी। इसके अलावा लाहौर कलदंर्स इस साल पीएसएल में आखिरी स्थान पर रही।

सूत्र ने साथ ही कहा कि मौजूदा चेयरमैन मोहसिन नक्वी महत्वपूर्ण फैसलों के लिए पूर्व क्रिकेटरों की राय पर निर्भर हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि नक्वी बाबर आजम और संन्यास से लौटे इमाद वसीम व मोहम्मद आमिर की बैठक करा सकते हैं ताकि इनके बीच गलतफहमी दूर हो सके।

# हीरो इंडियन ओपन गोल्फ से वापसी कर रहे अनिर्बान लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली,27 मार्च 2024।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे। ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में वापसी करेंगे।



एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गयी है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अच्छे नतीजे की जरूरत होगी। सऊदी अरब समर्थित एलआईवी गोल्फ को आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) से मान्यता प्राप्त नहीं है। लाहिड़ी ने अपना पिछला खिताब इसी स्पर्धा में नौ साल पहले (2015) जीता था। वह इसके 57वें आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त है।उन्होंने कहा, '' मैं यहां जीतना चाहता हूं। मैं यहां फिर से जीतने के लिए आतुर हूं। .... मैं पिछले 15-16 वर्षों से खेल रहा हूं और यहां जीत दर्ज करने की ललक वैसी ही है जैसी की 10, 15 साल पहले थी। मुझे खुद को यह साबित करना है।'' इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा, '' मैं पेरिस जाना चाहूंगा। इसके लिए मुझे अगले आठ दौर या 12 दौर में अच्छा खेलना होगा। मैं एशियाई टूर के टूर्नामेंटों में ऐसा करना चाहूंगा।''

लाहिड़ी भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। उनसे पहले शुभंकर शर्मा (202) और गगनजीत भुल्लर (240) हैं। यह दोनों खिलाड़ी भी ओलंपिक में देश के प्रतिनिधित्व का मौका नहीं चूकना चाहेंगे। इस 2.25 मिलियन डॉलर (लगभग 18.75 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि की प्रतियोगिता में 25 देशों के 144 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।लाहिड़ी, भुल्लर और शुभंकर के अलावा मनु गंडास, शौर्य बीनू, राशिद खान, अमन राज, युवराज संधू, एस चिक्कारंगप्पा, करणदीप कोचर और वीर अहलावत जैसे भारतीय खिलाड़ी खिताब के लिए जोर लगायेंगे। एसएसपी चौरसिया इस खिताब को 2017 में जीतने वाले आखिरी भारतीय है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### कम ओवर रेट में फंसी जीटी

**शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपए जुर्माना**

**बेंगलौर,27 मार्च 2024।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान कम ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सीएसके के खिलाफ उनको स्लो ओवर रेट को दोषी पाया गया। आईपीएल की ओर से जारी आधिकारिक मीडिया रिलीज में बताया गया है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर 26 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति (स्लो ओवर रेट) बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।



चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध है तो उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगेगा। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच 6 रनों से जीता था।

गिल ने मैच के बाद कहा, उन्होंने (सीएसके) बल्लेबाजी में हमें पछाड़ दिया और फिर जब वे गेंदबाजी कर रहे थे तो उनका काम बहुत बढ़िया रहा।

### रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एबडेन पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंचे

**फ्लोरिडा,27 मार्च 2024।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन मियामी ओपन में पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी, जो वर्तमान में विश्व में दूसरे स्थान पर है, को आगे बढ़ने के लिए मैच टाई-ब्रेक की आवश्यकता थी। इस जोड़ी ने डच-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी जॉन-पैट्रिक स्मिथ और सेम वर्बीक को 3-6, 7-6(7-4), 10-7 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अगला मुकाबला मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस या लॉयड ग्लासपूल और जीन-जूलियन रोजर से होगा।



# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय श्रृंखला की करना चाहते हैं मेजबानी

**मेलबर्न,27 मार्च 2024।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की है, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सहमत हों। 12 साल में पहली बार भविष्य में किसी द्विपक्षीय मुकाबले में भिड़ंत। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम नवंबर में अपनी-अपनी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के लिए तैयार हैं। जहां एक तरफ भारत 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए जाएगा तो वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान की टीम मेन इन येलो के खिलाफ तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2012-13 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी और तब से दोनों टीमें एशिया कप या आईसीसी आयोजनों में एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ती रही हैं। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत और पाकिस्तान के बीच 2022 टी20 विश्व कप मैच की बड़ी सफलता के बाद, जहां 90,293 प्रशंसकों ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मैच देखा, जिसमें विराट कोहली ने 82* रन की प्रतिष्ठित पारी खेली, सीए, मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीजी ऑपरेटर्स) और विक्टोरियन सरकार ने अब एमसीजी में दो टीमों में रुचि व्यक्त की है, जो वित्तीय रूप से उनके लिए एक अच्छा कदम हो सकता है।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकले ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो उन्हें प्रतिष्ठित एमसीजी में भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला की मेजबानी करने में खुशी होगी। मुझे लगता है कि जो कोई भी एमसीजी में भारत-पाकिस्तान मैच के लिए यहां आया था, वह इसे सबसे यादगार अवसरों में से एक के रूप में याद रखेगा, न कि केवल खेल के अवसरों में, जहां मैं कभी गया हूं। इसलिए लोग उस प्रतियोगिता को देखना चाहते हैं। यदि अवसर मिला तो हम इसकी मेजबानी करना पसंद करेंगे। यदि हम भूमिका निभा सकते हैं, तो हम भूमिका निभाना पसंद करेंगे, हॉकले ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा।

हम पाकिस्तान की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम भारत की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। अगर हम मदद कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा है। लेकिन मुझे लगता है कि कई मायनों में, यह एक द्विपक्षीय श्रृंखला है। ऐसा करना वास्तव में दूसरों के लिए है।÷ सीए सीईओ ने जोड़ा। सीए के शेड्यूलिंग प्रमुख, पीटर रोच ने मंगलवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया भी एक तटस्थ द्विपक्षीय श्रृंखला के बजाय एक त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी में दिलचस्पी लेगा, जो आखिरी बार 1999-2000 सीज़न के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हुई थी, लेकिन उन्होंने कहा कि वर्तमान भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में पर्याप्त जगह नहीं थी। हमें एफटीपी में त्रिकोणीय श्रृंखला नहीं मिली है। आगे बढ़ते हुए हम हमेशा ऐसे मैचों और प्रतियोगिताओं के अवसरों में रुचि रखते हैं जो हमारे प्रशंसकों को आकर्षित करेंगे। यह कहना उचित है कि दुनिया का हर देश भारत और पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धा करते देखना पसंद करेगा। उनके देश में,÷ रोच ने जोर देकर कहा। ÷हम रिकॉर्ड पर कह रहे हैं कि हम उन देशों में से एक हैं जिन्होंने सवाल पूछा है। इस समय कार्यक्रम में ऐसा करने के लिए कोई जगह नहीं है। हम किसी भी अन्य अवसर पर उनसे बात करते रहेंगे, लेकिन इस विशिष्ट उदाहरण में शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है,÷ उन्होंने निष्कर्ष निकाला।

# एसीसी ने जारी किया महिला एशिया कप का शेड्यूल



**नई दिल्ली,27 मार्च 2024।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से महिला टी-20 एशिया कप 2024 टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट में सात टीमों ने हिस्सा लिया था। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमों ने महिला प्रीमियर कप 2024 के सेमीफाइन में पहुंचकर महिला टी-20 एशिया कप 2024 के लिए क्वालिफाई किया है।टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 जुलाई मुकाबला खेला जायेगा। टूर्नामेंट कुल 28 जुलाई तक कुल 14 मैच खेलें जायेंगे।

# अल्काराज ने मोंफिल्स को हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया

**फ्लोरिडा,27 मार्च 2024।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने अनुभवी फ्रांसीसी खिलाड़ी गाएल मोंफिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया और उन्होंने प्रतिष्ठित सनशाइन' डबल को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया।

स्पैनियार्ड ने शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बना लिया और 37 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को दो बार तोड़कर पहला सेट अपने नाम कर लिया।



दूसरे सेट के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने शानदार रैलियां निकालकर दर्शकों का मनोरंजन किया।1 घंटे और 13 मिनट के बाद, स्पैनियार्ड ने अपनी जीत का सिलसिला आठ जीत पहुंचा दिया ।

अल्काराज अब लोरेंजो मुसेटी से भिड़ेंगे। इटली के 23वें नंबर के खिलाड़ी ने 21 वर्षीय अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-4, 7-6(5) से हराया। स्पैनियार्ड आमने-सामने की भिड़ंत में मुसेटी से 2-1 से आगे है।

इस बीच, करेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 5-7, 7-6(5) से हराकर चौथी बार मियामी ओपन राउंड 16 में प्रवेश किया।

# मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सीजन के शुरू होने में अभी बाकी हैं 100 दिन

**सैन फ्रांसिस्को,27 मार्च 2024।** कुछ सबसे बड़े टी20 सितारे, जिनमें राशिद खान (एमआई न्यूयॉर्क), फाफ डु प्लेसिस (टेक्सास सुपर किंग्स), मार्को जानसन (वाशिंगटन फ्रीडम), क्विंटन डी कॉक (सिएटल ओर्कास), हारिस रऊफ (सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न) शामिल हैं। ) और सुनील नरेन (एलए नाइट राइडर्स), केवल 100 दिनों में एक्शन में दिखाई देंगे जब मेजर लीग क्रिकेट 4 जुलाई, 2024 को वापस आएगा। एमएलसी के ऐतिहासिक उद्घाटन सत्र में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी छह टीमें 2024 में फिर से भाग लेंगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल मैच में फाफ डु प्लेसिस ने 23 गेंदों पर 35 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि मार्को जानसन सनराइजर्स हैदराबाद के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक हैं। क्विंटन डी कॉक बल्ले से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए नेतृत्व कर रहे हैं और सुनील नरेन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए 1/19 का शानदार स्पैल डाला। 2023 में एमएलसी के पहले सीज़न ने अमेरिकी क्रिकेट के परिदृश्य को बदल दिया, पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व स्तरीय घरेलू टी20 एक्शन लाया, जिसमें अधिकांश मैच टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में बिक चुकी भीड़ के सामने खेले गए। दुनिया के दर्जनों सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों ने 19 मैचों में देश की शीर्ष घरेलू प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा की। एमएलसी की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एमआई न्यूयॉर्क ने 30 जुलाई को ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम में चैंपियनशिप फाइनल में सिएटल ऑर्कास को हराकर उद्घाटन चैंपियनशिप का खिताब जीता। वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से 29 जून तक आयोजित होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद दूसरा सीज़न शुरू होगा।

# पवन कल्याण फिल्म ओजी की रिलीज डेट से उठा पर्दा,27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज

पवन कल्याण ओजी की रिलीज डेट तय हो गई है। सुजीत द्वारा निर्देशित पावर स्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म, वे कॉल हिम ओजी (सिर्फ ओजी), लंबी अनुपस्थिति के बाद फिर से सुर्खियों में आ गई है। अब कुछ ही हिस्से पूरे होने बाकी हैं और फिल्म एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है, खासकर जब पवन कल्याण ने एपी चुनावों के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी कर ली हैं। प्रशंसक एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति की आशा करते हुए, उत्कृष्ट दृश्यों के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।उत्साह को बढ़ाते हुए, फिल्म ने आधिकारिक तौर पर अपनी रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है - जो प्रशंसकों के लिए एक बहुप्रतीक्षित क्षण है। वे कॉल हिम ओजी 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। फिल्म प्रेमियों के बीच प्रत्याशा और उत्सुकता बढ़ाने के लिए जल्द ही अधिक विवरण के साथ एक आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है।पावर स्टार पवन कल्याण के साथ अभिनय करने वाली प्रतिभाशाली प्रियंका अरुल मोहन हैं, जो एक गतिशील ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का वादा करते हुए महिला प्रधान भूमिका निभाती हैं। फिल्म को डीवीवी एंटरटेनमेंट के प्रतिष्ठित डीवीवी दानय्या द्वारा समर्थित किया गया है, जो उच्चतम गुणवत्ता का उत्पादन सुनिश्चित करता है।संगीत के क्षेत्र में, प्रशंसित थमन इस विशाल परियोजना के लिए संगीतकार के रूप में कार्यभार संभालते हैं, जो कथा में भव्यता और भावना की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हैं। रूह कंपा देने वाले और चार्ट-टॉपिंग साउंडट्रैक देने के अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, थमन वे कॉल हिम ओजी के समग्र सिनेमाई अनुभव को बढ़ाने के लिए तैयार है।जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, पावर स्टार पवन कल्याण, निर्देशक सुजीत, प्रतिभाशाली कलाकारों और थमन के नेतृत्व में कुशल चालक दल का सहयोग निश्चित रूप से एक सिनेमाई तमाशा तैयार करेगा जो आने वाले वर्षों तक दर्शकों के दिमाग में बना रहेगा। वे कॉल हिम ओजी सिर्फ एक फिल्म नहीं है; यह एक सिनेमाई यात्रा है जो कहानी कहने और मनोरंजन के मानकों को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है।



# मोनालिसा ने एक बार फिर अपनी हॉटनेस का बिखेरा जलवा

भोजपुरी स्टार मोनालिसा सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद फैंस का दिल धक धक होने लगा है। मोनालिसा ने ब्राउन कलर का सेक्सी क्रॉप टॉप और रेड शॉर्ट पैंट पहना है। बिना मेकअप के खुले बालों के साथ एक्ट्रेस सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी कातिलाना अदाओं के जलवे फैंस के बीच बिखेरना कभी नहीं। भूलती हैं। मोनालिसा के ग्लैमरस अंदाज की तस्वीरें इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो रही हैं।एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि मोनालिसा अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं और इसके साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीजन 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं। साथ ही उनके फैंस प्यार की बारिश कर रहे हैं।






# मिर्जापुर सीजन 3 का फर्स्ट लुक जारी

ओटीटी की दुनिया पर राज करने वाले कालीन भैया और गुड्डू पंडित एक बार फिर मिर्जापुर 3' के साथ वापसी करने जा रहे हैं। हाल ही में सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है। जिसने रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर आग लगा दी है। पोस्टर के साथ सीरीज की कहानी और रिलीज डेट का भी खुलासा हो गया है। क्राइम और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज मिर्जापुर 3 इसी साल ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सीरीज का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है जो सत्ता की कुर्सी को बयां करता है। इसे देखकर अब फैंस ये जानने के लिए और भी ज्यादा एक्साइटिड हो गए हैं कि आखिर ये कुर्सी किसे मिलने वाली है। फैंस की बेकरारी को देखकर ये तो साफ हो गया कि सीरीज का तीसरा सीजन भी ब्लॉकबस्टर हिट होने वाला है.वहीं बीते दिन अली फजल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इससे जुड़ी एक पोस्ट शेयर की थी जिसमें वो गुड्डू पंडित बनकर अपनी लाइंस की याद करते हुए दिखाई दिए थे। इस वीडियो को शेयर करते हुए अली ने लिखा था कि, शुरू हो चुका है....क्या आप रेडी हैं? कल कुछ आ रहा। कल कुछ हो रहा है। बंपर बकैती छिड़ने वाली है। हैशटैग में उन्होंने गुड्डू, गुड्डू पंडित और मिर्जापुर यूज किया था। एक्टर की ये पोस्ट भी ताबड़तोड़ वायरल हुई थी।बता दें कि मिर्जापुर के अभी तक दो सीजन रिलीज हो चुके हैं. इसका पहला सीजन 16 नवंबर 2018 में आया था. जिसने ओटीटी की दुनिया में भौकाल मचाकर रख दिया था। सीरीज में अली फजल और पंकज त्रिपाठी की दमदार एक्टिंग ने चार चांद लगाए थे और पंकज त्रिपाठी कालीन भैया' बनकर फैंस के दिलों पर छा गए थे। वहीं इसके बाद सीरीज का दूसरा सीजन आया जो 23 अक्टूबर 2020 को रिलीज हुआ. सीजन 2 में सीरीज के साथ विजय वर्मा जैसे कई दिग्गज कलाकार जुड़ें. जिन्होंने दर्शकों को खूब इंप्रेस किया. अब फैंस को इसके तीसरे सीजन के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। जो इसी साल रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## संक्षिप्त खबर

### अरूण सिंह ने नोटिस का स्पष्टीकरण देकर बढ़ा दी राजनीतिक हलचल

#### नोटिस के जवाब में विनोद वर्मा और रामगोपाल की दादागिरी का भी जिक्र किया

**रायपुर,27 मार्च 2024(ए)।** अरुण सिंह सिसोदिया ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को नोटिस का



जवाब दिया है। जिसमें उन्होंने विनोद वर्मा और रामगोपाल की दादागिरी का भी जिक्र किया है। स्पष्टीकरण में कहा अरूण सिंह सिसोदिया ने नोटिस का जवाब 13 पाइंटों में देकर एक बार फिर कांग्रेस में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है।

### दस लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा

**रायपुर,27 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने प्रदेश की दस लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, और बस्तर समेत सभी 10 लोकसभा के लिए प्रत्याशी के नाम का एलान आज कर दिया है।

# कुख्यात अपराधियों को मिल रहा है विशेष व्यवस्था

» खा रहे हैं काजू-बादाम, चार-चार गद्दे में सोते मिले कैदी

» कलेक्टर-एसपी के छापे से उजागर हुई जेल की अव्यवस्था

**दुर्ग,27 मार्च 2024(ए)।** सेंट्रल जेल में महादेव सट्टा ऐप और हत्या के आरोपी दीपक नेपाली, तपन सरकार और मुक्कू नेपाली जैसे अपराधियों को विशेष ईलाज मिल रहा है। इसका खुलासा तब हुआ जब दुर्ग कलेक्टर और एसपी जितेंद्र शुक्ला ने अपनी टीम के साथ मंगलवार देर रात केंद्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एएसपी अभिषेक झा और 96 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। जब वे जेल की बैरक में पहुंचे तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। इस पर एसपी ने जेल अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई।

#### जेल में बंद है कई कुख्यात अपराधी

दुर्ग जेल में कई कुख्यात अपराधी इस समय बंद हैं। इसमें सबसे चर्चित नाम गैंगस्टर तपन सरकार और उपेंद्र सिंह उर्फ कबरा काहै। गैंगेस्टर तपन पर हत्या सहित अन्य अपराध दर्ज हैं। उसे नवीन जेल के सेक्टर बी में एक बैरक में रखा गया था। उपेंद्र सिंह उर्फ कबरा वही अपराधी है, जिसने बिलासपुर जेल में पेशी जाते समय पूरी की पूरी ट्रेन हाईजैक कर ली थी। दीपक नेपाली महादेव सट्टा एप का बड़ा मास्टर माइंड है। वो भी यहां कई महीनों से यहां बंद है।

#### इस तरह मिल रहा है विशेष ईलाज

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने जब




जेल के अंदर रेड मारी तो कई आपत्तिजनक चीजें पाई गईं। गैंगस्टर तपन सरकार, मुक्कू नेपाली, दीपक नेपाली और उपेंद्र कबरा जिस बैरक में हैं, वहां उन्हें विशेष ईलाज दिया जा रहा है। इन सभी खुंखार आरोपियों को नवीन जेल परिसर में रखा गया है। जब एसपी, दुर्ग वहां पहुंचे तो देखा कि सभी आरोपी मोटे गद्दे में सोए थे। इनके गद्दे के नीचे से काजू, बादाम और किशमिश जैसे महंगे ड्राईफ्रूट मिले। जब स्क्र ने इसके बारे में पूछा तो जेल अधीक्षक कोई जवाब नहीं दे पाए।

#### बैरक में मिले ये सामान

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए केंद्रीय जेल दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बैरक से एक मोबाइल फोन, सिम, उस्तरा, ब्लेड और चाकू जैसे हाथ से बने औजारों के साथ ही इस्तेमाल किया चिलम, बीड़ी, सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित सामान जब्त किया गया है। कलेक्टर और दुर्ग एसपी ने जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और सजग होकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं।

#### धारदार चाकू के साथ मिले अपराधी

एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने बुधवार तड़के 4.45 बजे केंद्रीय जेल में छापेमारी की। इस दौरान केवल जेल प्रहरी ही ड्यूटी पर थे। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते और जेल अधीक्षक को सूचित कर पाते एसपी ने जेल को खुलवाकर खुद ही बैरक चेक करना शुरू कर दिया।इस दौरान उन्हें खुंखार अपराधियों के पास से सब्जी काटने वाले धारदार चाकू और मोबाइल फोन तक मिले। अपराधी धारदार चाकू लेकर सो रहे थे। निरीक्षण के बाद से जले में हड़कंप मचा हुआ है।

# अब बस्तर में कांग्रेस को लगा जोर का झटका

» महापौर सफीरा साहू समेत 8 पार्षद बीजेपी में शामिल

» निगम में अब भाजपा की सरकार

**रायपुर,27 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को झटके पे झटका लग रहा है। कांग्रेस के कई बड़े नेता और कार्यकर्त्ता पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होते जा रहे हैं। उधर बस्तर में तो जगदलपुर नगर निगम की महापौर और युवा आयोग के पूर्व सदस्य सहित करीब ढाई हजार नेताओं ने एक साथ कांग्रेस को अलविदा कहते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। कांग्रेस महापौर सहित आधा दर्जन कांग्रेसी पार्षदों के पाला बदल देने से अब यहां के नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी बहुमत में आ गई है।



#### नामांकन भरने से पूर्व हुआ बड़ा खेला

बस्तर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को चुनाव होना है। यहां आज बुधवार को नामांकन फ़ार्म जमा करने का आखिरी दिन था। भाजपा के प्रत्याशी महेश कश्यप का नामांकन फार्म भरवाने के लिए सीएम विष्णु देव साय सहित कई बड़े नेता आज जगदलपुर में जुटे। इससे पहले विशाल सभा हुई, जिसमें जगदलपुर की नगर निगम की महापौर सफीरा साहू, पार्षद, बीजापुर जिले के रहने वाले युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह सहित लगभग ढाई हजार कार्यकर्ताओं ने बीजेपी की सदस्यता ली। सीएम विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अन्य नेताओं ने इन सभी का स्वागत किया।

#### जगदलपुर निगम में अब भाजपा का बहुमत

महापौर सफीरा साहू और 8 कांग्रेसी पार्षदों के भाजपा में आ जाने से अब 48 पार्षदों वाले जगदलपुर निगम में भाजपा बहुमत में आ गई है। कल तक निगम में कांग्रेस के 29 और भाजपा के 19 पार्षद थे।

#### पार्टी से नाराजगी बनी वजह

दरअसल ये सभी लंबे समय से कांग्रेस से नाराज चल रहे थे। अजय सिंह और बीजापुर के कांग्रेसी विधायक विक्रम मंडावी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। अपनी सरकार में रहते हुए अजय ने खुलकर भ्रष्टाचार का विरोध किया था। ऐसे में उन्हें पार्टी से निष्काषित कर दिया गया था। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव के पहले जिलाबदर की कार्रवाई भी की गई थी। अब अजय सिंह ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए भाजपा की सदस्यता ले ली है।

# देवेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाने के विरोध में कांग्रेस नेता ने शुरू किया आमरण अनशन

#### अपनी मांग को लेकर पार्टी दफ्तर में लगाया पोस्टर

**बिलासपुर,27 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष रह गए है। इसी के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बाकी बची 4 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार रात प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इसके बाद ही प्रदेश कांग्रेस में कलह शुरू होता देखने को मिल रहा है।

#### भिलाई के कांग्रेस विधायक को बिलासपुर से लोकसभा प्रत्याशी बनाना पार्टी को पड़ रहा है भारी

दरअसल बिलासपुर लोकसभा से देवेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस भवन के सामने कांग्रेसी नेता आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। कांग्रेस नेता जगदीश प्रसाद कौशिक ने दीवारों पर अपनी मांग का पोस्टर चिपका कर उन्होंने कहा, बिलासपुर लोकसभा सीट से मुझे



प्रत्याशी क्यों नही बनाया गया? मेरी तपस्या में क्या कमी रही है? पार्टी हाईकमान बताएं। न्याय का हक मिलने तक आमरण अनशन पर रहूंगा।

कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक का कहना है कि लोकसभा सीट से गलत प्रत्याशी चयन के खिलाफ उनका प्रदर्शन है। पार्टी हाईकमान के साथ ही प्रदेश के नेताओं ने बिलासपुर के नेताओं को नजरअंदाज क्यों किया। न्याय मिलने तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

जगदीश कौशिक एक जमाने में पत्रकार रहे हैं और वे इलाके के बोदरी नगर पंचायत के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे काफी समय से कांग्रेस पार्टी से टिकट के लिए प्रयास कर रहे हैं। विधानसभा के बाद जब लोकसभा में भी टिकट नहीं मिली, और प्रत्याशी भी बाहर का थोपा गया, तब उनका गुस्सा फूट पड़ा और वे बिलासपुर कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठ गए हैं।

अमित चिमनानी ने कांग्रेस पर कसा तंजज

वहीं बीजेपी नेता अमित चिमनानी ने इस मामले में कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है सभी कांग्रेस प्रत्याशियों के विरोध के बाद अब बिलासपुर के प्रत्याशी देवेंद्र यादव के खिलाफ भी कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता जगदीश प्रसाद कौशिक आमरण अनशन पर है।कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओ को तार तार करने वाले ये निर्णय आखिर ले कौन रहा है?कांग्रेस रूपी जहाज का डूबना निश्चित है।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पूर्व सीएम भूपेश के बैलेट पेपर से चुनाव पर कसा तंज

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा पूरे विश्व में ईव्हीएम की हो रही प्रशंसा

**रायपुर,27 मार्च 2024(ए)।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव होने के वायरल ट्वीट पर तंज कसा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पूरे विश्व में ईव्हीएम की प्रशंसा हो रही है। जब कांग्रेस की बंपर सीटों से सरकार बनती है तो ईव्हीएमठीक होता है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अब सभी उम्मीदवार अपने-अपने लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है।



डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बस्तर की नामांकन रैली को लेकर कहा कि आज जीत का आगाज है। बस्तर से हमारे प्रत्याशी के कमल के निशान के लिए आज नामांकन रैली है. पिछली बार बस्तर लोकसभा सीट से हम चूक गए थे। ये नामांकन रैली हमारी जीत का परचम लहरने वाली होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 4 सीटों पर दुर्ग के नेताओं को मैदान में उतारा है। कांग्रेस सरकार में भी ऐसी स्थिति थी, उसे दुर्ग की सरकार कहा जाता था। अब कांग्रेस ने एक ही स्थान के नेताओं को अलग-अलग सीटों से उतारा है। स्थानीय लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर मिलना चाहिए। कोई व्यक्ति यह न सोचे अपने लोगों को लड़ाकर सबको साध लेगा। राजनीतिक दल बड़ा होता है, सभी को अवसर मिलना चाहिए। कांग्रेस के निर्वाचन आयोग में धर्म पर राजनीति वाली शिकायत पर विजय शर्मा ने कहा, समझ नहीं आता कि अगर कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान हो जाए तो कुछ नहीं. अपमान क्यों किया और समय पर कार्रवाई करो, अगर इतना बोल दिया जाए तो भाजपा धर्म के आधार राजनीति कर रही है. बिरनपुर में किसी की हत्या हो जाए तो कुछ नहीं, लेकिन अगर यह कह दिया जाए की हत्या क्यों किया? हत्या करने वाले से विधायक क्यों नहीं आए तो भाजपा धर्म पर राजनीति करने वाली हो जाती है।

उन्होंने कहा इस परिपाटी को समझना पड़ेगा. धर्म हमारी नस-नस में है रग-रग में है और समूचे भारत के रग-रग में है. धर्म के आधार पर राजनीति यह कहना गलत है. पिछली बार के विधानसभा चुनाव में जिस समय मोहम्मद अकबर 60 हजार वोट से जीते, तब क्या वह मुसलमान नहीं थे और वहां की जनता हिंदू नहीं थी? तब धार्मिक नहीं हुआ, अब हार गए तो धार्मिक हो गया. यह विचित्र बात है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के वायरल ट्वीट- 375 से अधिक प्रत्याशी हुए तो बैलेट पेपर से चुनाव होगा पर विजय शर्मा ने कहा कि पूरे विश्व में ईव्हीएम की प्रशंसा हो रही है। जब चुनाव आयोग ईव्हीएम हैक करो कहता है, तो कोई नहीं आते, कांग्रेस की बंपर सीटों से सरकार बनती है तो ईव्हीएम ठीक होता है। जब स्वयं को चुनाव लड़ना होता है तो ईव्हीएम खराब हो जाता है, ऐसे दोहरे मापदंड से जनता को भ्रमित नहीं करना चाहिए।

#### बस्तर दौरे पर जानें वाले पूर्व मंत्रियों को भी मिलेगी जेड श्रेणी की सुरक्षा : शर्मा

छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, सुरक्षा के लिए कोई राजनीतिक पार्टी नहीं देखी जा रही है, सबको सुरक्षा दी गई है उन्होंने आगे बताया कि पूर्व सरकार के मंत्री हो या इस सरकार के मंत्री जो भी बस्तर दौरे पर जाएंगे उन्हें “ श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी पार्टी के आधार पर सुरक्षा में कोई अंतर नहीं किया जा रहा है और न ही किया जाएगा।

# शराबी शिक्षक पर छात्रों ने की चप्पलों की बौछार

**जगदलपुर,27 मार्च 2024(ए)।** शराब के नशे में हर रोज स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक को चप्पल लेकर दौड़ाते स्कूली बच्चों का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। उनके निर्देश पर डीईओ ने ममले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि यह वाकया बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला पलीभाटा का है। जहां एक शराबी शिक्षक से परेशान बच्चों ने उसे सबक सिखाने की योजना बनाई और जैसे ही शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा,






बच्चों ने उस पर चप्पल और जूतों की बौछार कर दी। ऐसे में शिक्षक मौके से निकल भागा। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षक रोजाना शराब के नशे में स्कूल आया करता है और घटना के वक्त भी वह नशे की हालत में स्कूल पहुंचा था।कलेक्टर विजय दयाराम ने कहा है कि जांच पूरी होते ही शराबी शिक्षक पर कार्यवाही होगी। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने बस्तर बीईओ को मामले में जांच कर रिपोर्ट मांगी है। जांच में दोषी पाए जाने पर शिक्षक का तत्काल निलंबन होगा।

#### पहली बार हुआ इस तरह का वाकया

छत्तीसगढ़ में लगभग हर रोज किसी न किसी स्कूल से शराबी शिक्षकों के ड्यूटी पर पहुंचने की खबर आती ही रहती है। ऐसे शिक्षकों का वीडियो वायरल भी होता है और कार्रवाई भी की जाती है, मगर ऐसा पहली बार हुआ है, जब बच्चों ने ऐसे शिक्षक से परेशान होकर उसके ऊपर जुते-चप्पल की बारिश कर दी हो। अमूमन ग्रामीण स्कूलों के बच्चे सीधे-सादे होते हैं। वे इतनी हिम्मत भी नहीं कर पाते कि शराबी शिक्षक के बारे में अपने पालकों को शिकायत कर सकें। माना जा रहा है कि इस शराबी शिक्षक को सबक सिखाने की नीयत से स्कूल के अन्य शिक्षकों या फिर किसी जागरूक शख्स ने इन्हें प्रोत्साहित किया हो। स्कूली बच्चों द्वारा किये गए इस कार्य का वीडियो काफी वायरल हुआ है और लोग इन बच्चों की सराहना कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में मोदी,नड्डा,शाह,गडकरी सहित कई बड़े नेता करेंगे भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार




**रायपुर,27 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर चुनाव आयोग को सौंप दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, स्मृति इरानी, अर्जुन मुंडा समेत छत्तीसगढ़ बीजेपी के कई बड़े नेताओं का नाम शामिल हैं, जिन्हें लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है।

जारी सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राजनाथ सिंह,जेपी नड्डा,अमित शाह, नितिन गडकरी,स्मृति ईरानी,धमेंद्र प्रधान,अर्जुन मुंडा,ज्याति राजे सिंधिया,योगी आदित्य नाथ, हेमंत बिस्वा शर्मा,मोहन यादव, फग्गन सिंह कुलस्ते,शिवराज सिंह चौहान, नितिन नबिन, सतपाल महाराज,मनोज तिवारी हेमा मालिनी,नवल किशोर यादव,बाबूलाल मरांडी, विष्णूदेव साय, किरणदेव, अरूण साव, विजय शर्मा, अजय जय सवाल,पवन साय, लता उसेंडी,राम विचार नेताम,केदार कश्यप, ओपी चौधरी धरमलाल कौशिक, विक्रम देव उसेंडी, मोहन मंडावी, शिवरतन शर्मा, अजय चंद्राकर, दिनेश कश्यप, महेश गागड़ा, मधुसूदन यादव, गुरू बालदास एवं श्रीनिवास राव मद्दी का नाम शामिल है।

# मुठभेड़ में 6 नक्सली हुए ढेर



**बीजापुर,27 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से नक्सलियों का आतंक तेज हो गया है। इसी बीच आज बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमे जवानों को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जानकारी के अनुसार सुरक्षाबालों ने 6 नक्सली ढेर किए है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू की, इसकी जवाबी कार्रवाई सुरक्षा बलों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। मुठभेड़ खत्म होने के बाद का क्षेत्र सर्चिंग करने पर छह नक्सलियों के शव बरामद हुए। घटनास्थल व इसके आसपास पुलिस द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। पुलिस अभी घटनास्थल से वापस नहीं लौटी है। बीजापुर में फोर्स को मिली कामयाबी पर विजय शर्मा ने कहा, ÷मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, परसो नक्सलियों ने तीन ग्रामिणों की हत्या की थी जिसके बाद तलाशी के लिए यह टीम गई थी। नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, तलाशी अभियान जारी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)